● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 121, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 07 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



आरबीआई ने महंगाई दर का अनुमान घटाया 5



पियूष चावला ने लिया क्रिकेट से सन्यास 6

## अब चिनाब ब्रिज नया पर्यटन स्थल बनेगा : पीएम

### पीएम मोदी ने किया चिनाब ब्रिज का लोकार्पण, आतंकियों को भी दिया कड़ा संदेश

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटरा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम भारत की एकता और भारत की इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से आज वादी-ए-कश्मीर, भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गई है।

उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लाइन परियोजनाएं, ये सिर्फ नाम नहीं हैं, ये जम्मू कश्मीर के नए सामर्थ्य की पहचान हैं। भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष है। थोड़ी देर पहले मुझे चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज का लोकार्पण करने का अवसर मिला है। आज ही दो नई वंदे भारत ट्रेनें जम्मू कश्मीर को मिली है। जम्मू में नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास हुआ है। 46,000 करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं जम्मू और कश्मीर के विकास को नई गति देंगे।

ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट ने हमारे कार्यकाल में गति पकड़ी और हमने इसे पूरा करके दिखाया। रास्ते में आने जाने की मुश्किलें, मौसम की परेशानी, लगातार पहाड़ों से गिरते पत्थर... ये प्रोजेक्ट पूरा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमारी सरकार ने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना है।

चिनाब ब्रिज, दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। ये ब्रिज, एफिल टावर से भी उंचा है। अब लोग चिनाब ब्रिज के जरिए कश्मीर देखने तो जाएंगे ही,



साथ ही ये ब्रिज भी अपने आप में एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों का सपना साकार हुआ है। ये सिर्फ पुल नहीं, भारत के फौलादी इरादों और इंजीनियरिंग कौशल का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह भी एक हकीकत है कि जितने भी अच्छे काम हैं, वे मेरे लिए ही बचे रहते हैं।

यह हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट को हमने अपने कार्यकाल में रफ्तार दी और इसे पूरा कर दिखाया। बीच में कोविड का कालखंड और खराब मौसम जैसी चुनौतियां थीं, फिर भी हमारी सरकार ने चुनौती को चुनौती देने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में कई ऑल वेदर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं, जो इस संकल्प की मिसाल हैं।

पीएम मोदी ने बताया कि कुछ समय पहले सोनमार्ग टनल शुरू हुई और आज उन्होंने खुद चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज से होकर यात्रा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पुलों पर चलते हुए मैंने भारत के इंजीनियरों, श्रमिकों के साहस और संकल्प को नमन किया है। चिनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है।

लोग फ्रांस के पेरिस में एफिल टावर देखने जाते हैं, लेकिन अब यह ब्रिज एफिल टावर से भी ऊंचा है। यह सिर्फ एक रेलवे पुल नहीं, बल्कि कश्मीर का नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन भी बनेगा। लोग यहां सेल्फी पॉइंट पर जाकर इंजीनियरिंग के इस अद्भुत नमूने को निहारेंगे।

## गुरू ही जीवन की दिशा तय करते है: डॉ. यादव

### लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन समारोह में हुए शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि लोकमान्य तिलक विद्यालय परिसर में भविष्य के विकास का संकल्प निर्मित हुआ है। ये परिसर राष्ट्रवादी विचारों का जीवंत केंद्र है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों में कुलपति के स्थान पर कुलगुरु संबोधित किए जाने पर कहा कि गुरु शब्द अंधेरे से प्रकाश को जोड़ता है। माता-पिता के बाद गुरु ही जीवन की दिशा तय करते हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लोटी स्कूल से जुड़े अपने विद्यार्थी परिषद के समय के अनुभव भी साझा किए। विधायक श्री अनिल जैन कालुहेड़ा एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण श्री



किशोर खंडेलवाल ने दिया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये। श्री खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष शिक्षकों के उन्नयन के लिए 3 दिवसीय अभ्यास वर्ग के चलते आयोजित किया जाता है। इसमें अलग-अलग विषय होते हैं। कार्यकम में विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में 10वीं में टॉपर 3 छात्र, छात्राओं एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता मल्लखम्भ खेल में मैडल हासिल करने वाले 4 खिलाड़ी छात्र, छात्राओं का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष श्री किशोर खंडेलवाल, सचिव श्री विश्वनाथ सोमन और श्री गिरीश भालेराव ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## हर ओबीसी परिवार तक पहुंचेगा भाजपा का संदेश

### जातीय जनगणना पर चलाएगी व्यापक जनसंपर्क अभियान

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यशाला में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण, संगठन महामंत्री हितानंद, मंत्री कृष्णा गौर व नारायण सिंह कुशवाह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर कांग्रेस की सच्चाई और भाजपा सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएं।

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग के साथ वर्षों तक छल किया, न उनके लिए



मंत्रालय बनाया और न ही आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। वहीं, भाजपा सरकार ने एनईईटी में आरक्षण से लेकर यूपीएससी /पीएससी कोचिंग और महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण तक कई ऐतिहासिक फैसले लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा में उमा भारती, बाबूलाल गौर, शिवराज सिंह से लेकर डॉ. मोहन यादव तक ओबीसी वर्ग से मुख्यमंत्री बने हैं। आज 51त्न बूथ अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से हैं, जो भाजपा की प्रतिबद्धता दर्शाता है। डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि जातिगत जनगणना कांग्रेस की नहीं, मोदी सरकार की पहल है। कांग्रेस ने जब सत्ता में थी तब कभी जनगणना की चिंता नहीं की। नेहरू से लेकर मनमोहन सरकार तक उन्होंने ओबीसी की आवाज दबाई। राहुल गांधी आज वोट के लिए जातिगत जनगणना की बात करते हैं, जबकि खुद उनके पूर्वजों ने उसे रोका था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ को उजागर करना और मोदी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

## स्कूल-कॉलेजों में हिंदी से मेडिकल-इंजीनियरिंग पढ़ाई

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद की परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में विद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने पर गंभीर चर्चा की गई। यह जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाओं का मूल्यांकन करना था। अधिकारियों ने बताया कि धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में संसद की परामर्शदात्री समिति की यह दूसरी बैठक थी, जो शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध है।

## दूरी और लागत घटाने में चाबहार अहम: जयशंकर

**नई दिल्ली ।** भारत ने गुरुवार को व्यापारिक दूरी और लागत कम करने के लिए ईरान के चाबहार बंदरगाह के ज्यादा इस्तेमाल की वकालत की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और मध्य एशियाई देशों को क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए अधिक संसाधन लगाने की जरूरत है। इससे माल ढुलाई की दूरी और खर्च कम होगा। उन्होंने कहा कि भारत और मध्य एशिया के सभी देश ट्रांसपोर्ट इंटरनेशनॉक्स राउटर्स (टीआईआर) सिस्टम के सदस्य हैं, ऐसे में सीमा पार माल ढुलाई को सरल और तेज बनाना चाहिए। बता दें कि चाबहार बंदरगाह ईरान के बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है और भारत-ईरान मिलकर इसका



विकास कर रहे हैं। जयशंकर ने आगे जोर दिया कि दोनों पक्षों को दीर्घकालिक समझौते, आपसी निवेश और संयुक्त उपक्रमों के ज़रिए संबंधों को और मजबूत करना चाहिए।

भारत-मध्य एशिया बिजनेस सम्मेलन में बोलते हुए जयशंकर ने कज़ाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में कहा कि भारत डिजिटल भुगतान और सेवाओं के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने में मध्य एशिया के साथ साझेदारी करना चाहता है।

विदेश मंत्री ने भारत और मध्य एशिया के बीच आपसी जुड़ाव बढ़ाने पर जोर दिया। जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन रास्ते (आईएनएसटीसी) का जिक्र करते हुए कहा कि आईएनएसटीसी के लिए ज्यादा संसाधन दिए जाने की जरूरत है। आईएनएसटीसी 7,200 किमी लंबा परिवहन प्रोजेक्ट भारत, ईरान, अफगानिस्तान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप को जोड़ता है।

जयशंकर ने कहा कि व्यापार को विविध बनाना जरूरी है, जिससे सभी को नए विकल्प और प्रतिस्पर्धा मिल सके।

## मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन उज्जैन में कई कार्यों का किया लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुलिस लाइन उज्जैन स्थित सेल्फ स्टडी जोन, दिशा लर्निंग सेंटर, पार्क और ओपन जिम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा मुख्यमंत्री डॉ यादव को सलामी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पार्क में सांकेतिक रूप से एक्सरसाइज कर सभी को नियमित व्यायाम कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा,नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, जनप्रतिनिधि श्री संजय अग्रवाल, श्री रवि सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

## देश में 15 दिन में 20 गुना हुए कोरोना के सक्रिय केस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के सक्रिय मामले 5000 के पार पहुंच गए हैं। 22 मई को यह आंकड़ा 275 था। ऐसे में बीते 15 दिन में कोरोना के सक्रिय मामले 20 गुना हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में सक्रिय कोरोना मामलों में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है। इसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का नंबर आता है। मामलों में वृद्धि को देखते हुए केंद्र कोरोना के लिए तैयारियों की जांच करने के लिए मॉक ड्रिल कर रहा है। सभी राज्यों को कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। भारत में 5,364 सक्रिय मामले हैं। पिछले 24 घंटों में चार नई मौतें दर्ज की गई हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, अधिकांश मामले हल्के या बिना लक्षणों वाले हैं।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। दिल्ली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात गाजियाबाद पुलिस की पीसीआर पर एक शख्स ने फोन किया और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया किया कि बीती रात गाजियाबाद पुलिस से ये जानकारी उत्तर पश्चिम जिला पुलिस को मिली थी। फिलहाल, धमकी मिलने के बाद गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस आरोपी की तलाश कर रही हैं। नगर कोतवाली की डायल 112 पर बृहस्पतिवार की देर रात अनजान कॉलर ने कॉल कर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी



दी। जिसके बाद कॉलर ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि कॉल की बाबत दिल्ली के पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी गई। साथ ही पीआरवी, चीता मोबाइल और कोतवाली पुलिस लोकेशन ट्रेस कर मौके पर पहुंची। हालांकि कॉलर को पकड़ने में नाकाम रही। बताया गया कि मोबाइल नंबर की कैफ आईडी निकाल कर धमकी देने वाले कॉलर की तलाश की जा रही है। इसके साथ ही कॉलर को पकड़ने के लिए सर्विलांस और दो पुलिस टीम गठित कर दी गई हैं। कॉलर की जल्द पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहीं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 1976 में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई।

## महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी, वही होगा : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी, वही होगा। यह बात उन्होंने अपनी पार्टी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच संभावित गठबंधन की अटकलों के बीच कही। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के मन में इस मुद्दे को लेकर कोई भ्रम नहीं है। उन्होंने कहा, जो महाराष्ट्र की जनता चाहेगी, वही होगा। उद्धव और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के हाल के बयानों के बाद यह अटकलें तेज हो गई हैं कि दोनों करीब दो दशक पहले अलग होने के बाद फिर से साथ आ सकते हैं। दोनों नेताओं ने संकेत दिए हैं कि वे छोटी-मोटी बातों को नजरअंदाज कर सकते हैं। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा था कि मराठी लोगों के हित में एक होना मुश्किल नहीं है।

## स्टारलिंक को भारत में भी मिला लाइसेंस

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाएं देने के लिए आधिकारिक लाइसेंस जारी कर दिया है, हालांकि इसकी जानकारी फिलहाल पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से दी है। सरकार या स्टारलिंक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने पुष्टि की है कि स्टारलिंक को लाइसेंस मिल गया है और कहा कि आवेदन करने के 15-20 दिनों के भीतर उन्हें परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान कर दिया जाएगा। स्टारलिंक को भारत में ब्रॉडबैंड और सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की हरी झंडी मिल गई है।

## आरसीबी के अधिकारी समेत चार गिरफ्तार

**बंगलूरू।** बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 अन्य घायल हो गए थे। उन्हें क्राइम ब्रांच और बंगलूरू पुलिस की ओर से एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया था। अदालत ने शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के एक अधिकारी समेत चार लोगों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। बंगलूरू के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने भी पुष्टि की कि भगदड़ मामले में कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं। हमारी टीमें मामले को बहुत गंभीरता से ले रही हैं और आखिरकार मामला सीआईडी के पास जाना है। इसलिए सीआईडी के पास जाने से पहले हमारी टीम की ओर से जो भी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करनी हैं, वे कर रही हैं।

## बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में होंगे राष्ट्रीय चुनाव

### सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने किया एलान

**ढाका**

बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को एलान किया कि अगला राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में आयोजित किया जाएगा। ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जल्द ही चुनाव की विस्तृत रूपरेखा पेश करेगा। यूनुस ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरिम सरकार तीन मुख्य उद्देश्यों सुधार, न्याय और चुनाव के आधार पर सत्ता में आई है।

अपने संबोधन में यूनुस ने कहा, सरकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी और स्वीकार्य चुनाव आयोजित करने के लिए सभी दलों के साथ चर्चा की है। इसके अलावा, न्याय, सुधार और चुनाव से संबंधित चल रही सुधार गतिविधियों की समीक्षा के बाद मैं आज देशवासियों को घोषणा कर रहा हूं कि अगले राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में होंगे।

उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी



उपाय कर रहे हैं कि देश इस अवधि के दौरान स्वतंत्र और विश्वसनीय चुनाव कराने के लिए तैयार हो। चुनावों में बार-बार हेरफेर के जरिए एक राजनीतिक दल फासीवादी शासन में बदल गया। जिन लोगों ने उन दिखावटी चुनावों का आयोजन किया, उन्हें लोगों ने अपराधी करार दिया। उनसे जो शासन उभरे, उन्हें आखिरकार जनता ने अस्वीकार कर दिया।

अगस्त 2024 में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश की राजनीति के संदर्भ में यह एक बड़ा घटनाक्रम है। यूनुस ने पिछले कुछ महीनों के दौरान कई मौकों पर कहा है कि सुधारों के आधार पर अगला चुनाव दिसंबर 2025 और जून 2026 के बीच होगा। अब सरकार की ओर से तारीखों का एलान हो गया है। देश में अगले चुनाव करीब 11 महीने बाद होने हैं।

खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी और उसकी विचारधारा वाले अन्य दल मांग कर रहे हैं कि चुनाव दिसंबर तक हो जाएं। जुलाई में विद्रोह करने वाले नेताओं से बनी नई राजनीतिक पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी सुधारों के पूरा होने के बाद चुनाव कराने पर जोर दे रही है। जमात-ए-इस्लामी का भी शुरू में एनसीपी जैसा ही रुख था। पार्टी ने तब कहा था कि चुनाव रमजान से पहले फरवरी में हो सकते हैं। पिछले हफ्ते जमात के शीर्ष नेताओं ने कहा था कि चुनाव दिसंबर से अप्रैल के बीच हो सकते हैं। सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने 21 मई को कहा था कि राष्ट्रीय चुनाव इस साल दिसंबर तक हो जाने चाहिए।

# परिषद बैठक में मेयर सहित एमआईसी ने बनाई दूरी

## पार्षदों ने अमृत-2 और कायाकल्प योजना को लेकर किया हंगामा, स्वच्छता अभियान, अमृत 2.0 और कायाकल्प -2 का मुद्दा गर्माया

**सिंगरौली।** नपानि सिंगरौली के सभागार में आज दिन शुक्रवार को सभापति देवेश पाण्डेय के अध्यक्षता में एवं आयुक्त डीके शर्मा व उपायुक्त आरपी बैस के विशेष उपस्थिति में शासन की योजनाओं प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक में स्वच्छता अभियान अमृत 2.0 और कायाकल्प 2 का मुद्दा गर्माया रहा। वहीं एसडीओ प्रवीण गोस्वामी के नही आने पर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया।



दरअसल नगर निगम में शासन की योजनाओं प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। लेकिन इस बैठक में महापौर और एमआईसी का कोई भी सदस्य नहीं पहुंचे, तो विपक्ष के सभी पार्षदों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि महापौर और एमआईसी सदस्यों को नगर के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। पूर्व से जब शासन की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक होनी थी, बावजूद इसके नगर सरकार का नहीं आना उनकी विकास के प्रति कितनी संवेदनशीलता है यह साबित हो गया। आज बैठक शुरू होते ही स्वच्छता अभियान, अमृत -2.0 और कायाकल्प 2 और टैंकर खरीदी के मुद्दों को लेकर हंगामा शुरू हो गया। सबसे पहले पार्षद सीमा जायसवाल ने टैंकर को लेकर सवाल किया कि पिछले परिषद बैठक में 10 नए टैंकर खरीदने की बात कही गई थी, लेकिन मौजूदा समय में 20 टैंकर है, जबकि पहले से ही 15 टैंकर नगर निगम में थे, ऐसे में टैंकरों के आंकड़े सही नहीं लग रहे हैं। टैंकरों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हुए। जिसका जवाब एसडीओ एसएन द्विवेदी ने बताया कि तीन टैंकर खरीदे गए हैं। वहीं पार्षद प्रेम सागर मिश्रा ने स्वच्छता अभियान और अमृत 2.0 को लेकर सवाल डालते हुए कहा कि बताया जा रहा है कि 132 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी हैं, जबकि सभी आंकड़े कागजी है। यहां नवानगर से पचखोरा पहुंचा जा रहा ,जबकि पचखोरा से अन्य जगहों पर पानी की सप्लाई हो रही है। यह सब भ्रष्टाचार करने के लिए किया जा रहा हैं। वहीं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने हस्तक्षेप करते हुये आयुक्त से जवाब मांगा, इसके बाद मामला शांत हुआ। परिषद बैठक में नहीं आने को लेकर महापौर रानी अग्रवाल से जब टेलीफोन संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### अधिकारियों के प्रभार को लेकर हुआ हंगामा

नगर निगम में सहायक यंत्रियों के प्रभार को लेकर गहमी-गहमा शुरू हुआ। पार्षदों में आरोप लगाया कि एक ही अधिकारी को कई विभागों का प्रभारी बनाया गया है। सिविल इंजीनियर को इलेक्ट्रिकल का प्रभाव इलेक्ट्रिक इंजीनियर को सिविल का प्रभाव दिया गया है। जिसे लेकर कई पार्षदों ने अपनी आपत्ति दर्ज की। पार्षदों ने कहा कि इलेक्ट्रिक इंजीनियर को सिविल का काम करने में कितना सक्षम होगा। यह गुणवत्ता देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। ननि अध्यक्ष ने आयुक्त से जवाब मांगा। जहां आयुक्त डीके शर्मा ने कहा कि यह परंपरा पूर्व से चली आ रही है, यदि परिषद कहे तो मैं सभी सहायक यंत्रियों को उनके योग्यता के अनुसार विभागों की जिम्मेदारी दे दूंगा। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

### आदिवासी मंत्री का अपमान कर रही नगर सरकार

कायाकल्प 2 में होने वाले निर्माण कार्यों को लेकर पार्षदों ने महापौर और एमआईसी पर जमकर निशाना साधा। वार्ड क्रमांक 38 कांग्रेस पार्षद अनिल कुमार वैश्य ने आरोप लगाया कि कायाकल्प के तहत बनने वाली सड़क में अधिकारी और नगर सरकार पक्षपात पूर्ण रवैया के साथ काम कर रही है। कायाकल्प 2 की वार्ड क्रमांक 38 से प्रभारी मंत्री संपतिया उईके ने भूमि पूजन कर शुरुआत की। श्रेय लेने के लिए अखबार चैनल और सोशल मीडिया की जब यह प्रचार-प्रसार भी खूब किया गया, लेकिन अधिकारी अब उस सड़क को बनाने में बिल्कुल भी गंभीर नहीं दिख रहे। यह आदिवासी मंत्री का सबसे बड़ा अपमान है। पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कायाकल्प 2 में ऐसे वार्डों में 1500 मीटर की सड़क बनवाई जा रही है। जहां कोई औचित्य ही नहीं है।

# इदुज्जुहा त्योहार को मद्देनजर नियुक्त किए गए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा इदुज्जुहा त्योहार के आयोजन को मद्देनजर रखते हुये शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए निम्नानुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेटो की ड्यूटी लगाई गई है। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश एवं एएसपी अभिषेक रंजन सम्पूर्ण जिला क्षेत्रांतर्गत ड्यूटी लगाई गई है। वही सृजन वर्मा उपखण्ड मजिस्ट्रेट सिंगरौली, सीएसपी पीएस परस्ते सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र, राजेश कुमार शुक्ला उपखण्ड मजिस्ट्रेट माड़ा, एसडीओपी केके पाण्डेय सम्पूर्ण अनुभाग माड़ा, अखिलेश कुमार सिंह उपखण्ड मजिस्ट्रेट देवसर, एसडीओपी राहुल सैयाम सम्पूर्ण अनुभाग देवसर, सुरेश जाधव उपखण्ड मजिस्ट्रेट चितरंगी, अरूण कुमार सोनी प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सम्पूर्ण अनुभाग चितरंगी, जान्हवी शुक्ला तहसीलदार सिंगरौली, अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी बैढ़न क्षेत्र, सविता यादव तहसीलदार सिंगरौली नगर, अर्चना द्विवेदी थाना प्रभारी विन्ध्यनगर पुलिस थाना विंध्यनगर क्षेत्र, प्रीति सिकरवार नायब तहसीलदार, ज्ञानेन्द्र सिंह थाना प्रभारी नवानगर पुलिस थाना क्षेत्र नवानगर, अभिषेक यादव नायब तहसीलदार, उमेश प्रताप सिंह थाना प्रभारी मोरवा पुलिस थाना क्षेत्र मोरवा, कमलेश कुमार मिश्रा नायब तहसीलदार, कपूर त्रिपाठी थाना प्रभारी जियावन पुलिस थाना क्षेत्र जियावन को नियुक्त किया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा अजय राज सिंह तहसीलदार, प्रतिक्षा सिंह नायब तहसीलदार माड़ा, शिवपूजन मिश्रा थाना प्रभारी माड़ा, नागेश्वर पनिका तहसीलदार, राकेश शाहू थाना प्रभारी बरगवां, ऋषि नारायण सिंह तहसीलदार चितरंगी, सुधेश तिवारी थाना प्रभारी चितरंगी, राजेन्द्र बंसल प्रभारी नायब तहसीलदार, विद्यावरिधि तिवारी थाना प्रभारी गढ़वा, चन्द्रशेखर मिश्रा तहसीलदार सरई, जीतेन्द्र सिंह भदौरिया थाना प्रभारी सरई, अमित कुमार मिश्रा नायब तहसीलदार, पुष्पेन्द्र धुर्वे थाना प्रभारी लंघाडोल क्षेत्रांतर्गत कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैनाती की गई। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में यह भी निर्देश दिया गया है कि 7 जून को आयोजित इदुज्जुहा त्योहार के दौरान उनके साथ नियुक्त किए गए पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर विनिदृष्टि क्षेत्र में उपस्थित रहेंगे एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा समय-समय पर वास्तुस्थिति से संबंधित एसडीएम एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सिंगरौली को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

# हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधे देना नहीं है, बल्कि समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना भी है: संजय

## मझिगंवा के आदिवासियों को मिले उन्नत किस्म के आम के पौधे

**सिंगरौली।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंडालको महान के सीएसआर विभाग द्वारा मझिगँवा गांव में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्थानीय आदिवासी समुदाय को उन्नत किस्म के आम के पौधे वितरित किए गए। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बल्कि इससे ग्रामीणों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान सीएसआर प्रमुख संजय सिंह, साथ ही विभाग से धीरेन्द्र तिवारी तथा



बीरेंद्र पाण्डेय की उपस्थिति रही। उन्होंने पौध वितरण के साथ ही आदिवासी समुदाय को पर्यावरण रक्षण में उनकी पारंपरिक भूमिका के लिए सम्मानित किया और उन्हें पर्यावरण प्रेमी जनजाति की संज्ञा दी। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधे देना नहीं है, बल्कि समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना भी है। आम के ये पौधे आने वाले वर्षों में उन्हें न केवल पर्यावरणीय लाभ देंगे, बल्कि फल उत्पादन से उनकी आजीविका में भी सहारा बनेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित ग्रामीण जनों ने दिए गए पौधों का अपने घरों में रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को निभाया। हिंडालको महान का यह कदम स्थानीय विकास और हरित भविष्य की ओर एक प्रेरणादायक प्रयास है।

# मायाराम महाविद्यालय में मना विश्व पर्यावरण दिवस

**सिंगरौली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मायाराम महाविद्यालय परिसर में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कई फलदार वृक्ष लगाए गए, साथ ही अध्यक्ष ने कहा कि हमे अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए वृक्ष लगाते रहना चाहिए, जिससे हमें शुद्ध हवा व हमारा स्वास्थ्य बेहतर होता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में महा. के प्रभारी प्राचार्य जतिंदर कौर, विक्रांत सिंह समेत स्टाफ अन्य मौजूद रहे।

# कन्या छात्रावासो में निवासरत बालिकाओं का प्रतिमाह कराये स्वास्थ्य परीक्षण: कलेक्टर

## छात्रावासो में छात्राओं के लिए मोबाईल का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

**सिंगरौली।** कन्या छात्रावासो में निवासरत बालिकाओं का प्रति माह अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये तथा छात्रावास के बाउन्ड्रीवाल के अंदर पुरूषो का प्रवेश वर्जित रहे।

उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वार्डन अधीक्षिका सह प्राचार्य एवं सहायक वार्डन की समीक्षा बैठक सह कार्यशाला आयोजन में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। उपस्थित वार्डन अधीक्षिकाओं से कन्या छात्रावासो के वास्तु स्थिति की जानकारी लेने के पश्चात कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कन्या छात्रावासो में सिर्फ महिला अधीक्षिका या



सहायक अधीक्षिका ही रहेगी। उनके परिवार के पुरूष नही रहेंगे तथा चौकीदार भी छात्रावास कक्ष के बाहर रहेगा तथा इस आशय के भी निर्देशित किया कि यदि बच्चियां अपने घर जाना चाहती हैं तो उनके माता या पिता के साथ ही घर जाने की अनुमति दी जायें। उन्हे अकेले घर जाने की अनुमति नही दी जायेगी। छात्रावास में दिया जाने वाला भोजन प्रति दिन मीनू के अनुसार ही दिया जाये। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि छात्रावास में रहने वाली बच्चियों के साथ अधीक्षिका अपने घर जैसा व्यावहार करे और छात्रावास में शत प्रतिशत नामांकन किया जाये। परिसर की नियमित साफ -सफाई कराये। तथा कार्यालयीन पंजी का नियमित संधारण करे। साथ ही छात्रावास में मोबाईल फोन का उपयोग वर्जित रहे, समय-समय पर अधीक्षिक इस पर निगरानी रखे। कोई भी बच्ची पढ़ाई से छूटे नही, रात्रि के दौरान अनिवार्य रूप से महिला वार्डन या सहायक वार्डन छात्रावास में उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला के दौरान डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला सहित अधीक्षिका सह प्राचार्य उत्कृष्ट बालक-बालिका छात्रावास बैढ़न, प्राचार्य माडल बालिका छात्रावास बैढ़न, वार्डनर कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय बैढ़न, देवसर तथा चितरंगी, वार्डनर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास मौजूद रहे।

# संस्थान औद्योगिक प्रगति के साथ प्रकृति संतुलन बनाए रखने के लिए भी कटिबद्ध है: आरपी

**सिंगरौली।** हिंडालको रेनुसागर में वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



हिंडालको के रेनुसागर यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रेनुसागर में आज आयोजित वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और जीरो वेस्ट टू लैंडफिल जैसी पहले यह दर्शाती हैं कि हम न केवल औद्योगिक प्रगति की ओर ही अग्रसर हैं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। मुझे यह देखकर गर्व हो रहा है कि हमारे संविदा कर्मियों, कर्मचारियों, महिला मंडल और ने मिलकर एक सशक्त संदेश दिया है कि हरियाली ही भविष्य है । यूनिट हेड एचआर हेड, ऑपरेशन हेड, मेंटेनेंस हेड सहित सभी विभागाध्यक्षों, महिला मंडल की टीम ने पौधरोपण कर सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में एचआर हेड शैलेश विक्रम सिंह, ऑपरेशन हेड मनीष जैन, मेंटेनेंस हेड जगदीश पात्रा ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उन्मूलन, रीसाइक्लिंग, पुनः उपयोग, हरित वृक्षारोपण किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जपं प्रांगण में हुआ पौधारोपण

**सिंगरौली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत मुख्यालय के प्रांगण में जपं अध्यक्ष, विभागीय अधिकारी व भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कुल 25 वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जपं अध्यक्ष ने उपस्थित कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं के समक्ष संकल्प लिया कि सेमरा एवं कोतरी नदी के तटों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर 10 हजार पेड़ लगाए जाएंगे।

# जयप्रकाश पावर वेन्चर्स लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 से 7 जून विश्व पर्यावरण दिवस अवसर में वृहद कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में साइकिल दौड़, स्वच्छता अभियान, चित्रकला, वृक्षारोपण, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट/ई-वेस्ट कलेक्शन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। उपरोक्त के अन्तर्गत 5 जून को जयप्रकाश पावर वेन्चर्स लिमिटेड, अमिलिया नार्थ कोल माइंस में मनाया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान के तहत परियोजना के कर्मचारियों एवं कामगारों ने भी बढ़चढ़ कर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभायी। पर्यावरण दिवस पर यूनिट हेड मेजर जनरल संजय थापा पीवीएसएम ने विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में लोगो को जागरूक किया और सभी लोगो को शपथ दिलाया। साथ ही दैनिक जीवन में प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए जागरूक किया और साथ ही बताया कि जलवायु परिवर्तन का संकट सिर उठाने लगा है। हमें पर्यावरण व प्रकृति कि रक्षा-सुरक्षा के लिए सचेत रहना होगा।

# बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्य को दृष्टिगत रखते हुये जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**सिंगरौली।** जिले में बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्य को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूप का गठन कर अधीक्षक भू-अभिलेख सुवेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी तैनात किया गया। कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 25 से संचालित होगा। साथ कंट्रोल रूम में 24 घण्टे संचालित रहेगा। कलेक्टर के द्वारा तीन पालियों में कर्मचारियों की तैनाती भी की गई। जिसके तहत प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रेमलाल चर्मकार सहायक वर्ग 3 कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, राधिका शाह कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला आपदा एवं नियंत्रण कक्ष सिंगरौल, विजय प्रजापति ऑपरेटर जिला आपदा एवं नियंत्रण कक्ष सिंगरौली ड्यूटी लगाई गई है।

द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक राजू चिचलवार सहायक वर्ग 3 सहकारिता विभाग सदाबृज पनिका पीसीओ जनपद पंचायत बैढ़न तथा गणेश कुमार केवट कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला आपदा एवं नियंत्रण कक्ष सिंगरौली को तैनात किया गया तथा तृतीय पाली रात्रि 10 बजे से प्रातः 7 बजे तकनीलकमल गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, मनोज कुमार बंशल कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला आपदा एवं नियंत्रण कक्ष, जगबहादुर बैस कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला आपदा एवं नियंत्रण कक्ष को तैनात किया गया। कलेक्टर द्वारा उपरोक्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि नियंत्रण कक्ष कन्ट्रोल रूम अवकाश के दिनों में भी अनवरत चालू रहेगा, जिसमें नियम समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे तथा नियंत्रण कक्ष कन्ट्रोल रूम में आपदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल अपने नोडल अधिकारी को सूचित करेंगे।

# 8 से 10 जून तक चलेगा राज्यव्यापी सड़क निरीक्षण अभियान

**सिंगरौली**

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग विनोद चौरसिया ने बताया कि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर विभाग के पर्यावरण हितैषी नवाचार एवं ग्रीन टेक्नोलॉजी पर केंद्रित कार्यशाला पर्यावरण से समन्वय का आयोजन किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर म.प्र. सड़क विकास निगम के मुख्यालय भोपाल में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यशाला में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग अब केवल भौतिक निर्माणों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल संरक्षण, हरित तकनीकों के उपयोग और पारिस्थितिकी संतुलन को अपनी कार्यप्रणाली में प्राथमिकता के रूप में शामिल करेगा। उन्होंने विभाग की पर्यावरणीय सोच और भविष्य की कार्यनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग है। कार्यशाला में सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव एवं तकनीकी सलाहकार आरके मेहरा, प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता एसआर बघेल, भवन विकास निगम के प्रमुख अभियंता अनिल श्रीवास्तव सभी मुख्य अभियंता और वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परिक्षेत्र स्तर पर सभी विभागीय इंजीनियर उपस्थित थे। इस प्रकार कार्यशाला में कुल 1141 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मंत्री ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण केवल एक नारा नहीं, बल्कि विभाग की बुनियादी कार्यनीति है, जिसमें अब पर्यावरणीय संतुलन भी स्वाभाविक रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास की गति के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण अब हर अभियंता की जिम्मेदारी है। मंत्री श्री सिंह ने विभाग के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग औपनिवेशिक काल से ही जल संरक्षण और संचयन के कार्यों में अग्रणी रहा है और वर्तमान में भी यह परंपरा नैतिक जिम्मेदारी रूप में आगे बढ़ रही है। भू-जल स्तर में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में विभाग द्वारा कई ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल के अंतर्गत सरोवरों की डिजाइनिंग, सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, सूचना पटल और जियो टैगिंग की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 500 लोक कल्याण सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य है।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा म0प्र0
web site : www.mp.gov.in/pwdmp emil :- eepwdbrirewa@mp.nic.in
Phone – 07662 – 256720

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03/2025–26 रीवा दिनांक 01.06.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | 1. कार्य की अनुमानित लागत, 2. अमानत राशि 3. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1. ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज जमा करने हेतु। 2.कार्यावधि (वर्षाकाल रहित अथवा सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_ 428046_1 | सीधी जिले के बघउं मवई चुरहट मार्ग में नरकुई नाला पर पुल एवं पहुंचमार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 1-43997000.00 2-439970.00 3-15000.00 | 1– केवल आनलाइन 2–12 माह वर्षाकाल रहित। |
| 2 | 2025_PWDRB 428059_1 | सीधी जिले के रामपुर नैकिन घुघुटा खैरा मार्ग में सोन नदी पर निर्मित पुल के पहुंचमार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 1-40297000.00 2-402970.00 3-15000.00 | 1– केवल आनलाइन 2–10 माह वर्षाकाल सहित। |

उपरोक्त वेबसाइट आनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 23.06.2025 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. सेतु निर्माण
संभाग रीवा ( म.प्र. )
दूरभाष-07662-256720

जी-13953/25

## संपादकीय

### देश की बीमार स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल

सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में स्वास्थ्य सेवाओं की सेहत लगातार बिगड़ रही है, तो आखिर इसकी वजह क्या है। प्रति वर्ष बजट में स्वास्थ्य के लिए जो राशि तय होती है, वह इतनी नहीं जिससे सभी नागरिकों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकें। सच्चाई यही है कि गंभीर बीमारी का इलाज कराने के क्रम में आम आदमी की सारी जमा-पूंजी खत्म हो जाती है। इसी वजह से कई परिवार तो गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। यह दुखद ही है कि आजादी के बाद से अब तक हम शहरों और गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत ढांचा नहीं बना पाए हैं। आज भी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आधुनिक उपकरणों और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसका नतीजा अंततः मरीजों को भुगतना पड़ता है। बीते दिनों बलिया में मोबाइल फोन की रोशनी में चार महिलाओं का प्रसव कराया गया। यह सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाली की एक और बानगी है। कई अस्पतालों में जेनरेटर और डीजल के अभाव का बहाना बनाया जाता है, लेकिन वहां इसकी सुविधा उपलब्ध होने पर भी यह नौबत क्यों आई, यह जांच का विषय है। इसी जिले में पिछले दिनों जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था उजागर हुई। हकीकत है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली आज भी कायम है। आबादी के लिहाज से सरकारी अस्पतालों की संख्या काफी कम है। गांवों के मरीज उपचार के लिए शहरों की तरफ भागते हैं, जहां निजी अस्पतालों में अपनी थोड़ी बहुत बचत भी गंवा बैठते हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि सेहत की देखभाल पर आम आदमी का खर्च कम क्यों नहीं हो रहा? यह सरकार के लिए भी एक चुनौती है। फिलहाल इस पर जोर देने की जरूरत है कि मरीजों का सुरक्षित उपचार हो और वे स्वस्थ होकर अपने घर लौटें। बलिया की घटना से पहले भी टार्च की रोशनी में इलाज और आपरेशन किए जाने की खबरें आती रही हैं। उपचार में देरी और गलत निदान की वजह से मरीजों की मौत हो जाती है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। मसला अब बुनियादी सुविधाओं का भी है। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और बदहाली पर सवाल उठते हैं, तो यह गलत नही हैं।

**पर्यावरण दिवस पर्यावरण के संरक्षण के लिए शपथ लेने का दिन है। सभी लोगों को आज के दिन इस प्रकृति और पर्यावरण को सहेजने की जिम्मेदारी लेनी चाहिये। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस पर्यावरण के प्रति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनैतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए मनाया जाता है। जब से इस दिवस को सिर्फ मनाया जा रहा है तबसे इसके मनाए जाने को दिखाया या जताया जा रहा है तभी से लगातार पूरे विश्व में पर्यावरण की खुद की सेहत बिगड़ती जा रही है। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि आज जब ये विश्व पर्यावरण दिवस को मनाए जाने की खानापूर्ति की जा रही है।**

# विकास की अंधी दौड़ और प्रकृति का विनाश

(ब्रह्मानंद राजपूत)

वैज्ञानिकों के अनुसार अगर धरती का तापमान 2 डिग्री से ऊपर बढ़ता है तो धरती की जलवायु में बड़ा परिवर्तन हो सकता है। जिसके असर से समुद्र तल की ऊंचाई बढ़ना, बाढ़, जमीन धंसने, सूखा, जंगलों में आग जैसी आपदाएं बढ़ सकती हैं।

हर साल पूरे विश्व में पांच जून को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। पर्यावरण दिवस पर्यावरण के संरक्षण के लिए शपथ लेने का दिन है। सभी लोगों को आज के दिन इस प्रकृति और पर्यावरण को सहेजने की जिम्मेदारी लेनी चाहिये। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस पर्यावरण के प्रति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनैतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए मनाया जाता है। जब से इस दिवस को सिर्फ मनाया जा रहा है तबसे इसके मनाए जाने को दिखाया या जताया जा रहा है तभी से लगातार पूरे विश्व में पर्यावरण की खुद की सेहत बिगड़ती जा रही है। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि आज जब ये विश्व पर्यावरण दिवस को मनाए जाने की खानापूर्ति की जा रही है। तो प्रकृति भी पिछले कुछ वर्षों से धरती के अलग अलग भूभाग पर, कहीं ज्वालामुखी फटने के रूप में, तो कहीं सुनामी, कहीं भूकंप, कहीं चक्रवात और कहीं ऐसे ही किसी प्रलय के रूप में इस बात का ईशारा भी कर रही है कि अब विश्व समाज को इन पर्यावरण दिवस को मनाए जाने जैसे दिखावों से आगे बढ़ कर कुछ सार्थक करना होगा। विश्व के बडे-बडे विकसित देश और उनका विकसित समाज जहां प्रकृति के हर संताप से दूर इसके प्रति घोर संवेदनहीन होकर मानव जनित वो तमाम सुविधाएं उठाते हुए स्वार्थी और उपभोगी होकर जीवन बिता रहा है जो पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहे हैं। वहीं विकासशील देश भी विकसित बनने की होड में कुछ-कुछ उसी रास्ते पर चलते हुए दिख रहे हैं। जो कि पर्यावरण और धरती के लिए लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

हम सभी ने इस कोरोना महामारी में देखा कि न जाने कितने लोगों ने ऑक्सीजन के अभाव में अपने प्राण गवाए हैं, इस ऑक्सीजन के अभाव में न जाने कितने परिवार उजाड़ गए, हजारों लोगों ने अपनों को खोया है; ये सब मानव द्वारा प्रकृति और पर्यावरण से की गयी छेड़छाड़ का ही नतीजा है। मानव जाति ने जगह-जगह से प्रकृति का सत्यानाश किया है। इस धरा से पेड़-पौधों को नष्ट किया है। पहाड़ों और ग्लेशियर्स के साथ छेड़छाड़ की है। नदियों के मूल बहाव को रोका है, कई जगह तो इस धरती पर नदियां नाला बनकर रह गयी हैं। नदियों में इंसानी जाति ने इतना प्रदूषण और गन्दगी उड़ेली है कि इससे कई बड़ी-बड़ी नदियां अपनी अंतिम सांसें गिन रही हैं। अगर हम प्रकृति की सांसें रोकेंगे तो प्रकृति तो अपना रूप दिखाएगी ही। जितना इंसानी जाति ने प्रकृति के साथ गलत किया है, अगर उसका एक प्रतिशत भी प्रकृति हमसे बदला लेती है तो इस धरती से इंसान का नामोनिशान मिट जाएगा। जितना क्रूर हम प्रकृति और पर्यावरण के लिए हुए हैं अगर जिस दिन प्रकृति ने अपनी क्रूरता दिखाई उस दिन इस धरती पर प्रलय होगी। इसलिए जरूरी है हम प्रकृति और पर्यावरण की मूलता को नष्ट करने की जगह उसका संरक्षण करें, नहीं तो अभी ऑक्सीजन की कमी से लोगों ने अपने प्राण गवाए हैं; आने वाले दिनों में पीने के पानी की कमी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हमने ऑक्सीजन तो कृत्रिम बना ली लेकिन पीने के पानी को बनाने की कोई कृत्रिम तकनीक नहीं है। इसलिए समय रहते हमें प्रकृति की ताकत को समझना होगा नहीं तो बहुत देर हो जायेगी। हमें ये भी समझना होगा कि हम प्रकृति के स्वरुप को अपने हिसाब से नहीं बदल सकते, अगर हमने अपने हिसाब से प्रकृति और पर्यावरण के स्वरुप को बदलने का प्रयास किया तो यह आने वाली पीढ़ियों और इस धरती पर रहने वाली मानव जाति और करोड़ों जीव-जंतुओं, पक्षियों के लिए नुकसानदेह होगा।

वैज्ञानिकों के अनुसार अगर धरती का तापमान 2 डिग्री से ऊपर बढ़ता है तो धरती की जलवायु में बड़ा परिवर्तन हो सकता है। जिसके असर से समुद्र तल की ऊंचाई बढ़ना, बाढ़, जमीन धंसने, सूखा, जंगलों में आग जैसी आपदाएं बढ़ सकती हैं। वैज्ञानिक इसके लिए ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को जिम्मेदार मानते हैं। ये गैस बिजली उत्पादन, गाड़ियाँ, फैक्टरी और बाकी कई वजहों से पैदा होती हैं। चीन दुनिया में सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश है, चीन के बाद दूसरे नंबर पर अमेरिका विश्व में कार्बन का उत्सर्जन करता है, जबकि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश है। अगर विश्व के ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश कॉर्बन उत्सर्जन में आने वाले समय में कटौती करते हैं तो यह विश्व के पर्यावरण और जलवायु के लिए निश्चित ही सुखद होगा।

अगर बात भारत के वायु प्रदूषण की जाये तो आज भारत देश के बड़े-बड़े शहरों में अनगिनत जेनरेटर धूंआ उगल रहे हैं, वाहनों से निकलने वाली गैस, कारखानों और विद्युत गृह की चिमनियों तथा स्वचालित मोटरगाड़ियों में विभिन्न इंधनों के पूर्ण और अपूर्ण दहन भी प्रदूषण को बढ़ावा दे रहे हैं, और पर्यावरण की सेहत को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लगातार जहरीली गैसों कार्बन डाई ऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड, सल्फर डाइआक्साइड और अन्य गैसों सहित एसपीएम, आरपीएम, सीसा, बेंजीन और अन्य खतरनाक जहरीले तत्वों का उत्सर्जन लगातार बढ़ रहा है। जो कि मुख्य कारण है वायु प्रदूषण का। कई राज्यों में इस समस्या का कारण किसानों द्वारा फसल जलाना भी है। साथ ही साथ अधिक पटाखों का जलाना भी वायु प्रदूषण को बढ़ावा देता है। आज जरूरत है केंद्र और प्रदेश सरकारों को वायु-प्रदूषण से होने वाले स्वास्थ्य-जोखिम के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए। और लोगों को विज्ञापन या अन्य माध्यम से वायु प्रदूषण व अन्य प्रदूषण के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। लेकिन विडंबना है कि इस पर अमल नहीं हो रहा है। सरकार को किसानों को फसलों को न जलाने के लिए जागरूक करना चाहिए। किसानों को फसलों (तूरियों) को जलाने की जगह चारे, खाद बनाने या अन्य प्रयोग के लिए जागरूक करना चाहिए। ज्यादा प्रदूषण करने वाले पटाखों पर भी सरकार को प्रतिबन्ध लगाना चाहिए। हमारी सरकार को ईंधन की गुणवत्ता को बढ़ाकर पॉल्यूशन को काफी हद तक कंट्रोल करने पर जोर देना चाहिए। जिससे उसमें उपलब्ध जरूरी तत्वों की मात्रा आवश्यकता से अधिक न हो तथा उत्सर्जन निर्धारित मानक अनुसार रहे। ईंधन से ज्यादा प्रदूषण करने वाले तत्वों की कमी कैसे की जाए इस पर भी सरकारों को मिलकर काम करना चाहिए। कम पॉल्यूशन करने वाले ईंधन जैसे सीएनजी, एलपीजी इत्यादि का अधिक प्रयोग करने लिए लोगों में जागरूकता बढ़ानी चाहिए। साथ ही साथ यातायात प्रणाली में सुधार करना चाहिए। आज सरकारों को उत्सर्जन मानकों का भी सुदृढ़ीकरण करने की जरूरत है। अगर लोग साइलेंसर पर केटालिक कनवर्टर लगाएं तो भी वाहन द्वारा होने वाले वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। सरकार को लोगों को वाहनों का समय पर मेंटीनेंस कराने के लिए जागरूक करना चाहिए। जागरूक लोगों को स्वतः ही अपने वाहनों का मेंटीनेंस करना चाहिए। जब प्रदूषण स्तर बहुत ज्यादा बढ़ जाता है तो स्वास्थ्य के लिए घातक हो जाता है, और तमाम तरह की स्वास्थ्य समस्याएं जैसे कि फेफड़ों में संक्रमण व आंख, नाक व गले में कई तरह की बीमारियों और ब्लड कैंसर जैसी तमाम घातक बीमारियों को जन्म देता है। अगर क्षेत्र में वायु प्रदूषण मानकों से ज्यादा है तो लोगों को मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे कि वायु में मिले हुए घातक तत्वों और गैसों से काफी हद तक बचा जा सके। आज प्रदूषण को कम करने के लिए हमारी सरकारों को नियमों को सख्ती से लागू करना होगा। अगर लोग देश में निजी वाहनों कि जगह सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करें तो वायु प्रदूषण को काफी नियन्त्रित किया जा सकता है, इसके लिए लोगों को खुद सोचना होगा। अगर कोई नियम तोड़ता है तो उस पर जुर्माने का प्रावधान हो। तभी देश में वायु प्रदूषण से निपटा जा सकता है। अगर देश में वायु प्रदूषण से जुड़े हुए कानूनों का सख्ती से पालन हो तो वायु प्रदूषण जैसी समस्या से आसानी से निपटा जा सकता है। इससे पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने में भी मदद मिलेगी।

आज यदि धरती के स्वरूप को गौर से देखा जाए तो साफ पता चल जाता है कि आज नदियां, पर्वत, समुद्र, पेड़, और भूमि तक लगातार क्षरण की अवस्था में हैं। और ये भी अब सबको स्पष्ट दिख रहा है कि आज कोई भी देश, कोई भी सरकार, कोई भी समाज इनके लिए उतना गंभीर नहीं है जितने की जरूरत है। बेशक लंदन की टेम्स नदी को साफ करके उसे पुनर्जीवन प्रदान करने जैसे प्रशंसनीय और अनुकरणीय प्रयास भी हो रहे हैं मगर ये ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। ऐसे अनुकरणीय प्रयास भारत में भी हो सकते हैं जिसके द्वारा भारत की प्रदूषित नदियों को निर्मल और अविरल बनाया जा सकता है। चाहे वो गंगा नदी हो या यमुना नदी इस सबके लिए जरूरी है दृढ इच्छा शक्ति की जो कि भारतीय सरकार के साथ-साथ भारत के हर इंसान में होनी चाहिए।

आज जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण पृथ्वी के ऊपर से हरा आवरण लगातार घटता जा रहा है जो पर्यावरणीय असंतुलन को जन्म दे रहा है। पर्यावरणीय संतुलन के लिए वनों का संरक्षण और नदियों का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब समय आ गया है कि धरती को बचाने की मुहिम को इंसान को बचाने के मिशन के रूप में बदलना होगा क्योंकि मनुष्य और पर्यावरण का परस्पर गहरा संबंध है। पर्यावरण यदि प्रदूषित हुआ, तो इसका प्रभाव मनुष्य पर पड़ेगा और मनुष्य का स्वास्थ्य बिगडेगा और जनस्वास्थ्य को शत-प्रतिशत उपलब्ध करा सकना किसी भी प्रकार संभव न हो सकेगा। सभी जानतें हैं कि इंसान बडे बडे पर्वत नहीं खडे कर सकता, बेशक चाह कर भी नए साफ समुद्र नहीं बनाए जा सकते; किंतु ये प्रयास तो किया ही जा सकता है कि इन्हें दोबारा से जीवन प्रदान करने के लिए संजीदगी से प्रयास किया जाए। भारत में तो हाल और भी बुरा है। जिस देश को प्रकृति ने अपने हर अनमोल रत्न, पेड, जंगल, धूप, बारिश, नदी, पहाड, उर्वर मिट्टी से नवाजा हो, और उसको मुकुट के सामान हिमालय पर्वत दिया हो और हार के समान गंगा, यमुना, नर्मदा जैसी नदियाँ दी हों यदि वो भी इसका महत्व न समझते हुए इसके नाश में लीन हो जाए तो इससे अधिक अफसोस की बात और क्या हो सकती है। आज ये सब पर्यावरणीय समस्याएं विश्व केसामने मुंह बाए खड़ी हैं। विकास की अंधी दौड़ के पीछे मानव प्रकृति का नाश करने लगा है।

# डोनाल्ड ट्रंप का रवैया हैरान करने वाला–भारत को नए रास्ते पर जाना ही पड़ेगा!

(संतोष कुमार पाठक)

भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव फिलहाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भारत की बहादुर सेना से बुरी तरह से मात खाने के बावजूद पाकिस्तान का बड़बोलापन जारी है। भारत जैसे ताकतवर देश के लिए पाकिस्तान कोई बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन वह आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का अभिन्न अंग बना चुका है।

ऐसे में सब कुछ जानने और समझने के बावजूद दुनिया के कई देशों का विचित्र रवैया काफी हैरान करने वाला है। चीन के डर को तो समझा जा सकता है क्योंकि उसने भारत के एक बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा किया हुआ है। चीन को हमेशा यह डर सताता रहता है कि ताकतवर भारत उससे अपनी भूमि वापस ले लेगा जिससे उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाएंगे।

लेकिन दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतांत्रिक देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया काफी हैरान करने वाला है। भारत के प्रधानमंत्री ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका जाकर डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की जीत में अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया का सबसे विशाल और प्राचीन लोकतांत्रिक देश है और इस नाते अमेरिका का हर नेता भारत के महत्व को अच्छी तरह से समझता है। विश्व शांति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक व्यापार सहित शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा,जिसमें भारत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ना निभाई हो। वर्ष 1947 में आजाद होने के बाद से ही भारत की सभी सरकारों ने बातचीत,संवाद और शांति की हमेशा वकालत की। भारत के बिना आज किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती लेकिन इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों और फैसलों से भारत के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा कर रहे हैं।

चुनाव के बल पर अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप इस बात को बखूबी समझते हैं कि उनके हर बयान का असर भारत की घरेलू राजनीति पर पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार, दुनियाभर में घूम-घूम कर यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने व्यापार रोकने की धमकी देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाया था। भारत द्वारा इनकार करने के बावजूद ट्रंप चुप होने को तैयार नहीं है और हर बार उनका बयान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए असहज स्थिति पैदा करता हुआ नजर आता है। भारत में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी राजनीतिक दल डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगा रहे हैं। देश के 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इन तमाम मसलों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं।

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने तो खुलकर कह दिया है कि भारत द्वारा रूस से सैन्य साजो-सामान खरीदने और ब्रिक्स समूह ( जिसमें भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है) में शामिल होने के कारण अमेरिका भारत से नाराज है। यहां यह बात याद रखने वाली है कि आजादी के बाद अमेरिका और सोवियत संघ रूस के नेतृत्व में बंटे दो ध्रुवीय विश्व में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखकर भारत के स्टैंड को साफ कर दिया था। लेकिन इस स्टैंड के बावजूद संकट के समय पर पहले सोवियत संघ रूस ने और बाद में रूस ने कई मौकों पर भारत का साथ दिया। जबकि अमेरिका ने ऐसे हर मौके पर पाकिस्तान का साथ दिया, उसे हथियार दिए, सैन्य साजो सामान दिए। यहां तक कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान को आतंकवादियों का गढ़ तक बनने दिया।

हर तरह से भारत के लिए मुश्किलें पैदा करने वाला अमेरिका एक बार फिर से पाकिस्तान के साथ ही खड़ा होता हुआ नजर आ रहा है। भारत ने कई दशकों तक चले प्रयासों के कारण अपने आपको पाकिस्तान से कहीं ज्यादा आगे खड़ा कर दिया था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी सरकार भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही तराजू के दो पलड़ो पर खड़ा करने की नापाक कोशिश कर रही है।

अमेरिका के इस रवैए से तस्वीर बिल्कुल साफ होती हुई नजर आ रही है कि भारत को अपनी लड़ाई अब खुद ही लड़नी होगी। पूरा विश्व तेजी से बदल रहा है। संकट के ऐसे काल में भारत को जहां एक तरफ अमेरिका सहित अन्य तमाम यूरोपीय देशों में रह रहे भारतीयों की ताकत और क्षमता का सदुपयोग करते हुए इन देशों के अंदर प्रभावशाली दबाव समूह के निर्माण के लिए काम करना चाहिए। तो वहीं दूसरी तरफ अपने विशाल बाजार की क्षमता का भी सही से उपयोग करते हुए तथाकथित बड़े देशों को स्पष्ट तौर पर आईना दिखा देना चाहिए कि भारत को धमकी और भारत के साथ व्यापार, दोनों एक साथ नहीं चल सकते हैं।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5754

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 | | |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | 12 |
| ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले प्रथम भारतीय गेंदबाज (5)
5. संगीत में स्वर का विस्तार, समुद्र की तरंग, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
6. अनुमान, अंदाज, अटकल (3)
7. लक्ष्मी के पति होने के कारण पुराणानुसार भगवान विष्णु का एक नाम (5)
9. नीरोग, चंगा, तंदुरूस्त (3)
11. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके (2)
13. अवसर की प्रतीक्षा में रहना, ध्यानपूर्वक देखना (3)
14. छेद करना, आहत करना (3)
16. पुराणानुसार महर्षि विश्वामित्र के पिता और कुशिक राजा के पुत्र (2)
17. जलता हुआ, प्रदीप्त, प्रकाशमान, पुरानी फिल्मों के दिवंगत संगीतकार (3)
18. य नामक वर्ण (3)
20. पंख, डैना, किंतु, परंतु (2)
22. हाथ जोड़कर (4)
23. बेटी की बेटी यह कहलाती है (3)

**ऊपर से नीचे**
1. सावधान करने के लिए कही जाने वाली बात, खतरे की पूर्व सूचना (4)
2. देह, काया, शरीर, बदन (2)
3. खुशबू, महक, सुगंध (3)
4. चंद्रवंश के पांचवे राजा जिनका विवाह दैत्यगुरु शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी से हुआ था (3)
6. धोखा देने का भेष (5)
7. धतुरा स्वर्ण (3)
8. इंद्र धनुष के रंगों में से एक (2)
10. वोट देने की पात्रता (3)
12. अवाक, चुप, खामोश, चुप्पी (2)
15. धन-देव, धनवान व्यक्ति, मालदार (4)
16. गीत गाने या प्रस्तुत करने वाला (3)
17. उर्दू भाषा में व्रत को यह कहा जाता है (2)
19. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी) (2)
21. क्रिकेट में खिलाड़ियों का मापदंड (2)

### वर्ग पहेली 5753 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | त्य | ना | रा | य | ण | सि | न्हा |
| त्य | ■ | ग | ज | र | ■ | वा | ■ |
| ना | लं | दा | ■ | थ | न | ■ | वि |
| रा | ब | ■ | मु | रा | द | ■ | ज |
| य | ■ | रा | ■ | ना | र | की | य |
| ण | ■ | ज | ज | ■ | ■ | र्ति | ■ |
| ■ | ■ | गु | ल | जा | र | ■ | ह |
| आ | ब | रू | ■ | वा | म | ह | स्ती |

# आईपीएल को मिला नया चैम्पियन, कोहली के नाम रही 'विराट' विजय

(आदर्श प्रकाश सिंह)

एक बड़े खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने करियर में सभी प्रमुख टूर्नामेंट में विजय हासिल करे। विराट की टीम आईपीएल के खिताब से अभी तक वंचित थी। आपको बता दें विराट ने टी?20 और टेस्ट मैचों से संन्यास ले लिया है। आखिरकार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। आईपीएल के 18वें सीजन में उसे एक नया चैम्पियन मिल गया है। 17 साल से यह टीम इस खिताब के लिए तरस रही थी। इस टीम के पास विराट कोहली जैसा खिलाड़ी होने के बावजूद आईपीएल का चैम्पियन बनना नसीब नहीं हुआ। एक से एक धाकड़ खिलाड़ी बेंगलुरू की टीम में रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के एबी डीविलियर्स का नाम इसमें लिया जा सकता है। पर, मंगलवार 3 जून को किस्मत चमक गई। सभी ने विराट कोहली को मैदान पर रोते देखा। उनका भावनओं में बहना स्वाभाविक था। एक बड़े खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने करियर में सभी प्रमुख टूर्नामेंट में विजय हासिल करे। विराट की टीम आईपीएल के खिताब से अभी तक वंचित थी। आपको बता दें विराट ने टी?20 और टेस्ट मैचों से संन्यास ले लिया है। उनका करियर ढलान पर है, ऐसे में यह खिताबी जीत उन्हें कितना सुकून देगी, इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं है। यही वजह है कि मैच के बाद सारे खिलाड़ी विराट कोहली को बधाई देने के लिए दौड़ पड़े। डीविलियर्स और कभी बेंगलुरू टीम का हिस्सा रहे क्रिस गेल ने मौजूद रहकर इस पल को और खास बना दिया। हालांकि, यह जीत केवल 6 रनों से हुई। इसके बावजूद रिकॉर्ड बुक में बेंगलुरू के नाम पहली जीत दर्ज हो गई। पंजाब किंग्स की टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया तो इसमें कप्तान श्रेयस अय्यर का बड़ा योगदान रहा। एलीमिनेटर?2 में उन्होंने मुंबई इंडियंस को हरा कर पंजाब को फाइनल में पहुंचा दिया। श्रेयस की 87 रनों की नाबाद पारी ने 5 बार की चैम्पियन मुंबई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद श्रेयस अय्यर को इंग्लैंड जाने वाली भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर चयनकर्ताओं की आलोचना भी हो रही है।

**कई मायनों में खास रहा यह आईपीएल-** इस बार का आईपीएल कुछ युवाओं को सामने लाया है। ये भारत का भविष्य हैं। इसमें सबसे पहला नाम बिहार के वैभव सूर्यवंशी का है जिसने 14 साल की उम्र में झंडा गाड़ दिया है। राजस्थान रायल्स की टीम की ओर से उसने पारी की शुरुआत की। एक शतक और एक अर्ध शतक के साथ उसका प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा। वैभव ने अपनी साहसिक बल्लेबाजी से बहुत प्रभावित किया है। गुजरात टीम के साई सुदर्शन ने कुल 759 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीता है। आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन इंग्लैंड जाने वाली टीम में भी हो गया है। पारी का आगाज करते हुए सुदर्शन ने कई अच्छी पारियां खेलीं। पंजाब किंग्स टीम के प्रियांश आर्य ने भी सबका ध्यान खींचा है। उसने भी अपनी टीम के लिए पारी की शुरुआत की। पंजाब के ही शशांक सिंह ने फिनिशर की भूमिका निभा कर कई उपयोगी पारियां खेलीं। श्रेयस अय्यर ने अपनी कप्तानी और शानदार बल्लेबाजी से सबका दिल जीत लिया है। अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाने का श्रेय उसे जाता है। हालांकि, दुर्भाग्य से श्रेयस को इंग्लैंड दौरे के लिए नहीं चुना गया।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज करियर में उन्नति के संकेत हैं। किसी बड़े क्लाइंट या सरकारी विभाग से डील फाइनल हो सकती है, जो भविष्य में बड़ा लाभ दिलाएगी। टेक्निकल, ऊर्जा, मैकेनिकल, कंस्ट्रक्शन और डिफेंस से जुड़े कार्यों में विशेष सफलता मिलेगी। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को टारगेट अचीव करने का अवसर मिलेगा।

**वृष**
आज संपत्ति और रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण दिन है। नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत के लिए समय उत्तम है। जमीन, मकान या कंस्ट्रक्शन से जुड़ी फर्मों को अच्छा मुनाफा मिल सकता है। बैंकिंग, फाइनेंस और बीमा क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को क्लाइंट्स से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन**
आज दिन तेजी और व्यस्तता से भरा रहेगा। मीडिया, पब्लिक रिलेशन, पत्रकारिता, सेल्स और मार्केटिंग क्षेत्र के लोग पूरे दिन भाग-दौड़ में रहेंगे, लेकिन मेहनत रंग लाएगी। जो लोग ट्रांसफर या नई नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें अनुकूल समाचार मिल सकता है।

**कर्क**
आज दिन सकारात्मक परिणामों से भरा होगा। अधूरे काम पूरे होंगे और किसी महत्वपूर्ण क्लाइंट से बातचीत तय हो सकती है। आर्ट, डिजाइनिंग, रिसर्च, कंसल्टेंसी और एजुकेशन क्षेत्र से जुड़े लोग अपने कार्य में रचनात्मकता दिखा पाएंगे।

**सिंह**
आज दिन कई उतार-चढ़ावों से भरा हो सकता है। हालांकि आपकी कार्यकुशलता के कारण कोई बड़ी समस्या नहीं होगी। धार्मिक या आध्यात्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी, जिससे मन स्थिर रहेगा। करियर में वरिष्ठ अधिकारी आपके ऊपर नजर रख सकते हैं, इसलिए अपना प्रदर्शन बेहतर बनाए रखें।

**कन्या**
आज दिन थोड़ा संघर्षपूर्ण हो सकता है। कार्यस्थल पर अनावश्यक बहस से बचें। आपके आस-पास का वातावरण थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है लेकिन धैर्य और चतुराई से आप स्थिति को संभाल सकते हैं।

**तुला**
आज दिन सौभाग्यशाली है। लंबे समय से रुके प्रॉजेक्ट्स में गति आएगी। कॉर्पोरेट, लीगल, आर्ट्स या इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को अच्छी डील मिलने की संभावना है। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा और आपकी मैनेजमेंट स्किल्स की तारीफ होगी और रुकी योजनाएं सफल होंगी।

**वृश्चिक**
आज लाभ होगा और आर्थिक दृष्टिकोण से बड़ा फायदा हो सकता है। व्यापार में नए कॉन्ट्रैक्ट मिल सकते हैं। इंश्योरेंस, बैंकिंग, रिस्क मैनेजमेंट या इन्वेस्टमेंट क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए दिन बेहतरीन है। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में नए आइडिया के लिए प्रशंसा मिल सकती है।

**धनु**
आज दिन अनुकूल है, लेकिन किसी निर्णय से पहले सोच-समझकर कदम उठाएं। व्यापार में बड़ा मुनाफा संभव है, खासकर ट्रैवल, टूरिज्म, एजुकेशन या कंसल्टेंसी से जुड़े व्यवसायों में। विदेशी क्लाइंट्स से डील करने के मौके मिल सकते हैं। नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है।

**मकर**
आज अपने कार्य में स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता है। साझेदारी में चल रहा व्यापार थोड़ा अस्थिर हो सकता है। आईटी, टेक्निकल, लॉजिस्टिक्स या एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े लोगों को प्लानिंग में सतर्कता बरतनी चाहिए। मल्टीटास्किंग से बचें क्योंकि यह आपकी गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है।

**कुंभ**
आज नए व्यावसायिक प्रस्ताव मिल सकते हैं। क्रिएटिव इंडस्ट्री, डिजिटल मार्केटिंग, टेक्नॉलजी या स्टार्टअप्स से जुड़े लोग अपने विचारों से दूसरों को प्रभावित कर सकते हैं। निवेश के लिए समय अनुकूल है, लेकिन दस्तावेजों की जांच जरूर करें। कार्यस्थल पर बॉस और सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। थोड़ी स्वास्थ्य संबंधी चिंता रह सकती है, इसलिए थकावट से बचें।

**मीन**
आज दिन उन्नति और लाभ से भरा रहेगा। जोखिम लेकर किए गए व्यापारिक फैसले फायदेमंद साबित होंगे। होटल, फूड इंडस्ट्री, हेल्थकेयर या स्पिरिचुअल सेक्टर में कार्यरत लोग कोई बड़ा क्लाइंट जीत सकते हैं। ऑफिस में आपका व्यवहार और सूझबूझ सबका ध्यान आकर्षित करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एनबीई को 3 अगस्त को नीट पीजी की परीक्षा एक ही शिफ्ट में कराएगा, सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) अब 3 अगस्त को नीट पीजी की परीक्षा एक ही शिफ्ट में कराएगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने एनबीई को इसकी अनुमति दे दी है। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक ही शिफ्ट में परीक्षा आयोजित कराने के आदेश दिए थे, जिसके बाद एनबीई ने 15 मई को दो शिफ्टों में होने वाली नीट पीजी की परीक्षा निरस्त कर दी थी। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने 30 मई को एनबीई को निर्देश दिया था कि वो नीट पीजी की परीक्षा दो शिफ्ट में नहीं ले और इस परीक्षा को एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का प्रबंध करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दो शिफ्टों में परीक्षा आयोजित करना मनमाना फैसला है और इससे सबको समान अवसर नहीं मिलेंगे। दोनों शिफ्टों के प्रश्न पत्र एक ही किस्म के नहीं होंगे। ऐसे में परीक्षा एक ही शिफ्ट में होना उचित है।

### राजस्व भवन बिल्डिंग में लगी आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटीओ में राजस्व भवन बिल्डिंग में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई।




खबर मिलते ही दमकल की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। दमकल अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल कर्मियों ने एक आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग एसी में लगी थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार सुबह 9.57 बजे बजे सूचना मिली कि आईटीओ स्थित राजस्व भवन में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारी के अनुसार आग दूसरी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 238 में लगी थी। दमकलकर्मियों ने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणो की जांच कर रही है।

### कोरोना के सक्रिय मामले 5364, पिछले 24 घंटे में चार मरीजों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आज कोरोना के मामलों में वृद्धि दर्ज हुई है। कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 5000 का आंकड़ा पार कर 5,364 पहुंच गई । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में कोरोना के चार मरीजों की मौत हो गई । विभिन्न राज्यों में 4,724 लोग ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पतालों और होम आइसोलेशन से छुट्टी दे दी गई है। आंकड़ों के अनुसार कोरोना से मरने वालों में एक मरीज केरल, कर्नाटक से दो और एक मौत पंजाब से रिपोर्ट हुई है। सभी मृतकों की आयु 65 से अधिक थी। यह लोग गंभीर रूप से बीमार थे। केरल 1,679 मामलों के साथ चार्ट में सबसे आगे है, उसके बाद गुजरात (615), पश्चिम बंगाल (596) और दिल्ली (562) है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, आज दिल्ली में 5 प्रतिशत की सकारात्मकता दर के साथ 124 नए कोरोना मामले दर्ज किए गए ।

### सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं, वैष्णव ने चिनाब ब्रिज का वीडियो साझा किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में आज



चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का उद्घाटन करने वाले हैं। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर इस पुल का वीडियो साझा करते हुए लिखा है, सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं। चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित वास्तुकला का चमत्कार चिनाब रेल पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। यह 1,315 मीटर लंबा स्टील आर्च ब्रिज है। इसे भूकंपीय और हवा की स्थिति का सामना करने के लिए बनाया गया है। पुल का एक प्रमुख प्रभाव जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क बढ़ाने में होगा। प्रतिष्ठित चिनाब रेलवे ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज, कटरा-से-संगलदान खंड का हिस्सा है। यह नई दिल्ली को कटरा के माध्यम से सीधे कश्मीर से जोड़ता है। रियासी जिले में स्थित महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का हिस्सा है। इस परियोजना को क्षेत्र के कठिन भूभाग और भूकंपीय संवेदनशीलता के कारण कई इंजीनियरिंग और अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

# दिल्ली में बकरीद पर गाय और ऊंट की कुर्बानी रोकने के लिए एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने पशु कल्याण और सार्वजनिक स्वच्छता को बनाए रखने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने बकरीद के मौके पर गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की अवैध हत्या और बलि के खिलाफ सख्त एडवजाइजरी जारी की है। बकरीद 07 जून 2025 को मनाया जाएगा। गुरुवार को जारी इस एडवाइजरी साफ कहा गया है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। दिल्ली सरकार की ओर से बकरीद के दौरान कानूनी और स्वच्छ तरीकों को सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि सभी बलि की रस्में सिर्फ निर्धारित जगहों पर ही होनी चाहिए। सड़कों, गलियों या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बलि देना सख्त मना है। इसके अलावा, बलि की रस्मों के फोटो या वीडियो लेने और सोशल मीडिया पर साझा करने पर भी रोक लगाई गई है, ताकि ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा न मिले। विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने सरकार के रुख को रेखांकित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें पशु कल्याण एक अभिन्न हिस्सा है। हम त्योहार के उत्सव के दौरान किसी भी अवैध बलि या क्रूरता को बर्दाश्त नहीं करेंगे। एडवकाइजरी का सख्ती से पालन




अनिवार्य है और उल्लंघन करने वालों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तत्काल कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। यह एडवाइजरी मौजूदा कानूनों के अनुसार है, जिसमें पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम 1960, पशु परिवहन नियम 1978, स्लॉटर हाउस नियम 2001, और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 शामिल हैं। इसमें बताया गया है कि पशु परिवहन नियम 1978 का अक्सर उल्लंघन होता है, जिससे जानवरों को परेशानी होती है।

साथ ही पशु क्रूरता रोकथाम (स्लॉटर हाउस) नियम, 2001 के नियम 3 के तहत निर्धारित स्लॉटर हाउस के बाहर हत्या/कुर्बानी पर रोक है, खासकर उन जानवरों की जो गर्भवती हैं, जिनके बच्चे तीन महीने से छोटे हैं, या जिन्हें पशु चिकित्सक ने प्रमाणित नहीं किया है। खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) नियम, 2011 के अनुसार ऊंट को खाद्य जानवर नहीं माना जाता, इसलिए उनकी हत्या/कुर्बानी गैरकानूनी है। दिल्ली कृषि पशु संरक्षण अधिनियम, 1994 भी दिल्ली में गायों की हत्या/कुर्बानी पर सख्त रोक लगाता है। यह एडवाइजरी सचिव-सह-आयुक्त (विकास), डीएम, डीसीपी, आयुक्त (एमसीडी) और अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि बकरा-ईद के दौरान पशु कल्याण कानूनों को सख्ती से लागू करें और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। दिल्ली सरकार ने नागरिकों से इस एडवाइजरी का पालन करने और किसी भी उल्लंघन की सूचना संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की है।

### जासूसी मामले में सीआरपीएफ के बर्खास्त अधिकारी मोतीराम जाट की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल जज चंदरजीत सिंह ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोपित सीआरपीएफ के बर्खास्त अधिकारी मोतीराम जाट की एनआईए हिरासत 10 दिनों के लिए बढ़ा दी है। एनआईए ने 26 मई को मोतीराम को गिरफ्तार किया था। पहलगाम हमले से छह दिन पहले उसका वहां से ट्रांसफर किया गया था। वो सीआरपीएफ की 116वीं बटालियन में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात था। गुरुवार को मोतीराम जाट की एनआईए हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने मोतीराम जाट की हिरासत बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि उसे जांच के दौरान मिले इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सामने रखकर पूछताछ करनी है। एनआईए के मुताबिक मोतीराम जाट पाकिस्तान की खुफिया सेवा पीआईओ के अधिकारियों को 2023 से देश की संवेदनशील जानकारी दे रहा था। ये जानकारी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं। संवेदनशील सूचनाएं देने के लिए विभिन्न माध्यमों से उसे धन मिलता था। सीआरपीएफ ने उसे 21 मई को सेवा से बर्खास्त कर दिया था।

### जनगणना: बजट अड़चन नहीं, दक्षिण की चिंताओं का होगा ध्यान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्रालय का कहना है कि जनगणना के लिए बजट कभी कोई अड़चन नहीं रही है। सरकार ने हमेशा आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई है। वहीं मंत्रालय का कहना है कि गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार यह आश्वासन दिया है कि परिसीमन प्रक्रिया में दक्षिणी राज्यों की चिंताओं पर उचित समय पर ध्यान दिया जाएगा और उनसे बातचीत भी की जाएगी। जनगणना से संबंधित हर निर्णय व्यापक विमर्श और तैयारी के बाद ही लिया जा रहा है। गृह मंत्रालय ने कल की गई जनगणना संबंधित अपनी घोषणा के बाद आज स्पष्ट किया है कि देश की अगली जनगणना अब 2027 में कराई जाएगी। यह निर्णय कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न स्थितियों को ध्यान में रखकर लिया गया है। 2021 में होने वाली जनगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन महामारी के प्रकोप के कारण इसे टालना पड़ा। मंत्रालय ने आगे कहा कि जनगणना के लिए लगभग 30 लाख प्रगणकों की आवश्यकता होती है। ये प्रगणक प्रायः प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक होते हैं। महामारी के बाद यदि जनगणना होती तो शिक्षा व्यवस्था में भारी व्यवधान आता। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कई देशों को कोविड के तुरंत बाद कराई गई जनगणना में आंकड़ों की गुणवत्ता और कवरेज से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा। वक्तव्य के अनुसार अब सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जनगणना की प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी और यह 01 मार्च 2027 को पूर्ण होगी। यह तिथि जनगणना की आधिकारिक संदर्भ तिथि के रूप में तय की गई है।

### मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 9 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमले के आरोपित और साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 9 जुलाई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज चंदरजीत सिंह ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। एनआईए ने 10 अप्रैल की शाम तहव्वुर को दिल्ली के पालम वायुसेना अड्डे पर उतरते ही गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उसे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के दौरान तहव्वुर राणा की ओर से पेश वकील ने जेल में उसकी खराब तबीयत का जिक्र किया जिसके बाद कोर्ट ने जेल प्रशासन को तहव्वुर राणा के स्वास्थ्य संबंधी स्टेटस रिपोर्ट 9 जून तक दाखिल करने का आदेश दिया। तहव्वुर राणा ने कोर्ट में याचिका दायर कर अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने की अनुमति देने की मांग की है। इस पर 9 जून को सुनवाई होनी है। याचिका का नेशनल इंवेस्टिगेटिव एजेंसी (एनआईए) ने विरोध किया है। एनआईए ने कोर्ट में जवाब दाखिल कर कहा है कि अगर तहव्वुर राणा को अपने परिवार से बात करने की अनुमति दी गई 24 अप्रैल को भी पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर राणा को अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति की मांग खारिज कर दी थी।

# मंत्री कपिल मिश्रा ने बवाना में श्रीकृष्ण गौशाला का दौरा किया, बोले- गौशालाओं के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के विकास एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने बवाना स्थित श्रीकृष्ण गौशाला सुल्तानपुर डबास का दौरा किया। मंत्री मिश्रा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गौशाला के दौरे के दौरान मंत्री मिश्रा ने वहां रह रहे गौवंशों की देखरेख, स्वच्छता, पोषण और पुनर्वास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। गौशालाओं के संचालकों से विस्तार से चर्चा भी की। मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण की रीढ़ हमारा पशुधन और गौमाता हैं। गौशालाएं केवल पशुधन की देखरेख का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विरासत का प्रतीक भी हैं। दिल्ली सरकार गौवंश संरक्षण और गौशालाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पिछली सरकार के समय गौमाताओं के साथ हुए अन्याय को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मन में काफी पीड़ा है। इसलिए बेसहारा गौवंश की देखरेख, स्वच्छता, पोषण और पुनर्वास की व्यवस्थाओं के लिए जल्द गौसेवा आयोग अस्तित्व में आएगा।

मंत्री मिश्रा ने मौके पर मौजूद गौ-सेवकों को बताया कि दिल्ली सरकार ने गौशालाओं को आधुनिक बनाने के लिए बजट 2025-26 में बड़ी धनराशि का प्रावधान किया है। दिल्ली की सभी गौशालाओं से जुड़ी जो भी देनदारियां हैं, उस बकाया राशि को चुकता किया जा रहा है। सरकार ने पहली किस्त के रूप में 10 करोड़



रुपये की बड़ी धनराशि जारी की है। वहीं अगली किस्त के रूप में 11.14 करोड़ रुपये की धनराशि के साथ ही मार्च 2025 तक के सभी पेंडिंग बिलों का भी जल्द भुगतान किया जाएगा।

# आरबीआई ने 2025-26 के लिए महंगाई दर का अनुमान घटाकर 3.7 फीसदी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने महंगाई दर के अनुमान को मौजूदा 4.0 फीसदी से घटाकर 3.7 फीसदी कर दिया है। रिजर्व बैंक ने उम्मीद जतायी है कि जिंसों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में कमी के साथ मुख्य मुद्रास्फीति नरम बनी रहेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मुंबई में तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि सामान्य मानसून के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति यानी खुदरा महंगाई दर अब 3.7 फीसदी पर रहने का अनुमान है। इसके अप्रैल-जून तिमाही में 2.9 फीसदी, जुलाई-सितंबर तिमाही में 3.4 फीसदी, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3.9 फीसदी और जनवरी-मार्च तिमाही में 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई दर का यह अनुमान सभी प्रमुख चीजों में कीमतों के अनुकूल रहने की




ओर इशारा करता है। रबी फसल के मौसम में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के उच्च उत्पादन से प्रमुख खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। भविष्य में सामान्य से बेहतर मानसून और इसके जल्दी आने की संभावना खरीफ फसल की संभावनाओं के लिए अच्छे संकेत है। मल्होत्रा ने कहा, ''अधिकतर अनुमान कच्चे तेल सहित प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में निरंतर नरमी की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि अनुकूल पूर्वानुमान के बावजूद वह मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक स्तर पर जिंस की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव के साथ शुल्क संबंधी चिंताओं को लेकर सतर्क रहेगा। दरअसल केंद्रीय बैंक ने प्रमुख नीतिगत ब्देहरादून, गुरुवार 12 जून 2025याज दर रेपो रेट को भी 0.50 फीसदी घटाकर 5.50 फीसदी कर दिया है। उल्देहरादून, गुरुवार 12 जून 2025लेखनीय है कि खुदरा महंगाई दर अप्रैल 2025 तक लगातार तीन महीने चार फीसदी की सीमा से नीचे रही है। खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 3.16 फीसदी पर आ गई है, जो इसका छह साल का निचला स्तर है। चार फीसदी से कम औसत खुदरा महंगाई दर का यह अनुमान हाल के वर्षों में सबसे कम है। आरबीआई ने अप्रैल में अपनी मौद्रिक नीति घोषणा में वित्त वर्ष 2025-26 में खुदरा मुद्रास्फीति के औसतन चार फीसदी रहने का अनुमान जताया था। सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दो फीसदी घट-बढ़ के साथ चार फीसदी पर रखने का लक्ष्य दिया है।

# लड़की पर अभद्र टिप्पणी करने का विरोध करने पर युवक को मारा चाकू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा जिले के गांधी नगर इलाके में एक 18 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान सीलमपुर निवासी अजीम के रूप में हुई है। घटना के बाद घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि गुरुवार सुबह पुलिस को चाकू मारने की सूचना मिली थी, जिसके बाद जांच अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने से पहले ही घायल को पीसीआर वाहन की सहायता से अस्पताल भेजा जा चुका था। अस्पताल में अजीम के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया। घायल युवक ने अपने बयान में बताया कि शादाब (25) और शाने आलम (21) दोनों लखीमपुर खीरी के रहने वाले है। यह उसी इमारत की पहली मंजिल पर रहते हैं, जहां वह परिवार के साथ रहते है। पीड़ित ने बताया कि चार जून की शाम आरोपित शाने आलम द्वारा एक अज्ञात लड़की पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। जिसका अजीम ने विरोध किया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस हुई। जिसे अजीम के भाई और



मामा ने शांत करा दिया था। लेकिन अगली सुबह जब अजीम सीढ़ियों से नीचे उतर रहा था, तभी आरोपित शादाब ने उसे पकड़ लिया और शाने आलम ने अपनी जेब से धागा काटने वाला 'थ्रेड ट्रिमर' निकालकर अजीम के पेट में वार कर दिया। घटना के तुरंत बाद अजीम के मामा महफूज अली ने पुलिस को सूचित किया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# सरकारी अस्पतालों को केंद्रीय खरीद एजेंसी के माध्यम से उपकरणों और दवाओं की खरीद का निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों को केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) के माध्यम से उपभोग्य वस्तुओं, उपकरणों और दवाओं को खरीदने का निर्देश दिया है। बुधवार को जारी आदेश के मुताबिक अब सरकारी अस्पतालों को अनिवार्य ई-खरीद प्रक्रिया चिकित्सा उपकरणों, किसी भी अन्य उपभोग्य वस्तु, मशीनरी और उपकरण की सभी खरीद केवल ई-खरीद प्रक्रिया के माध्यम करने का कहा गया है। अस्पतालों द्वारा सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर सीधे खरीद वर्जित है। सभी मांग और बोली प्रक्रिया केवल केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) द्वारा संभाली जाएगी। कोई भी अस्पताल या संस्थान सीधे खरीद या बोली शुरू करने के लिए अधिकृत नहीं है। इस फैसले के तहत अब डॉक्टरों को अस्पतालों की खरीद और सप्लाई चेन से जुड़े कार्यों में शामिल नहीं होना पड़ेगा। इससे वे मरीजों को अधिक समय और बेहतर ध्यान दे सकेंगे। यह ऐतिहासिक निर्णय दिल्ली सरकार



द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को मरीज केंद्रित और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। सरकार का मानना है कि डॉक्टरों और चिकित्सा स्टॉफ का मुख्य कार्य मरीजों की देखभाल है और उन्हें गैर-चिकित्सकीय कार्यों में व्यस्त रखना संसाधनों की बर्बादी है। दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया कि अब सभी अस्पतालों की खरीद प्रक्रिया की जिम्मेदारी केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) को सौंप दी गई है। यह एजेंसी 1994 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा स्थापित की गई थी, जिसका उद्देश्य अस्पतालों के लिए एक समान, गुणवत्ता-आधारित और पारदर्शी खरीद प्रणाली सुनिश्चित करना था। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संतुष्टि और देखभाल की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। साथ ही यह मॉडल देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकता है। यह बदलाव केवल एक नीति परिवर्तन नहीं, बल्कि दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यवस्थित सुधार की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है।

# पीयूष चावला ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

### दो बार रहे विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दो बार के विश्व कप विजेता लेग स्पिनर पीयूष चावला ने शुक्रवार को पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। 36 वर्षीय चावला ने इंस्टाग्राम पोस्ट करके इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मैदान पर दो दशक से अधिक समय बिताने के बाद इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। चावला में 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीत में भारतीय टीम का हिस्सा थे। चावला ने पेशेवर क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 1000 से अधिक विकेट हासिल किए। 2012 में अपने अंतिम प्रदर्शन तक पांच वर्षों में भारत के लिए 3 टेस्ट, 25 वनडे और 7 टी20 मैच खेले जिसमें उन्होंने 43 विकेट लिए।

चावला ने कहा, भारत का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक, इस अविश्वसनीय यात्रा में हर पल किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में रहेंगी।

आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस को दिल से धन्यवाद जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। इंडियन प्रीमियर लीग मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल को संजोया है। मैं अपने कोचों श्री के.के. गौतम और स्वर्गीय श्री पंकज सारस्वत का दिल से आभारी हूं, जिन्होंने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में तैयार किया।

उन्होंने आगे कहा, आज मेरे लिए बेहद भावुक दिन है क्योंकि मैं आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। भले ही मैं क्रीज से दूर चला जाऊं, लेकिन क्रिकेट हमेशा मेरे भीतर रहेगा। अब मैं इस खूबसूरत खेल की भावना और सबक को अपने साथ लेकर एक नई यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

# न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच बने रॉब वाल्टर

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** अगले तीन सालों के लिए सभी फॉर्मेट में रॉब वाल्टर को ब्लैककैप्स का हेड कोच नियुक्त किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। रॉब वाल्टर की नियुक्ति जून के मध्य से लेकर अक्टूबर-नवंबर 2028 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप तक प्रभावी रहेगी। इसका मतलब है कि वाल्टर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, 2028 एलए ओलंपिक और तीन प्रमुख आईसीसी ईवेंट्स (आईसीसी 2026 टी20 वर्ल्ड कप, आईसीसी 2027 क्रिकेट वर्ल्ड कप और आईसीसी 2028 टी20 वर्ल्ड कप) समेत एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में कीवी टीम की देखरेख करेंगे। रॉब वाल्टर ने न्यूजीलैंड पुरुष टीम के हेड कोच के रूप में बेहद सफल रहे गैरी स्टीड की जगह ली है।



# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के नाम से टेस्ट सीरीज, ऐसा रहा है इन दिग्गजों का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू हो रही पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी। आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह निर्णय लिया है। ट्रॉफी का आधिकारिक अनावरण तेंदुलकर और एंडरसन खुद 11 जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान लॉर्ड्स में करेंगे। अब तक भारत और इंग्लैंड मेजबान देश के आधार पर अलग-अलग ट्रॉफी के लिए खेलते थे। इंग्लैंड में पटौदी ट्रॉफी दी जाती थी, जिसका नाम भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। भारत में, यह सीरीज एंथनी डी मेलो ट्रॉफी के लिए खेली जाती थी, जिसका नाम भारतीय क्रिकेट प्रशासन के संस्थापक के नाम पर था। इस साल टेस्ट सीरीज को भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर रखा गया है। आइए, जानते हैं कि दोनों खिलाड़ियों का एक-दूसरे देश के खिलाफ टेस्ट रिकॉर्ड कैसा रहा है। सचिन तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने साल 1989 से 2013 के बीच टेस्ट फॉर्मेट खेला। इस दौरान 200 टेस्ट में 15,921 रन बनाए। वहीं, जेम्स एंडरसन ने साल 2003 से 2024 के बीच टेस्ट फॉर्मेट खेला। वह इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं। सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड के विरुद्ध 32 टेस्ट खेले, जिसमें सात शतक और 13 अर्धशतक के साथ 2,535 रन बनाए। मास्टर-ब्लास्टर ने इंग्लैंड की सरजमीं पर 17 टेस्ट खेले, जिसमें 1575 रन जड़े। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक और आठ अर्धशतक आए। बात अगर जेम्स एंडरसन की करें, तो इस गेंदबाज ने भारत के विरुद्ध 39 टेस्ट में 149 शिकार किए, जिसमें छह बार फाइव-विकेट हॉल शामिल है। वहीं, अगर भारतीय सरजमीं पर उनका प्रदर्शन देखें, तो एंडरसन ने यहां 17 टेस्ट में 44 शिकार किए।

### नेशंस लीग 2025:

# लामिन यमल का शानदार प्रदर्शन, फ्रांस को हराकर फाइनल में स्पेन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लामिन यमल के दो गोल की मदद से स्पेन ने स्टटगार्ट में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ स्पेन ने नेशंस लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्पेन लगातार तीसरी बार नेशंस लीग के फाइनल में पहुंचा है।

टीम पिछले 12 नेशंस लीग मुकाबलों से (8 जीत, 4 ड्रॉ) में अजेय है। अब ये टीम फाइनल में पुर्तगाल से भिड़ेगी। स्पेन ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। फ्रांस ने गेंद को अपने पास रखा और स्पेन की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की। मुकाबले के 22वें मिनट स्टार खिलाड़ी लामिन यमल ने बॉक्स में ओयारजाबल को पास दिया। ओयारजाबल ने डिफेंडर्स को चकमा देते हुए गेंद निको विलियम्स को दी, जिन्होंने गेंद को नेट के ऊपर से मारते हुए मुकाबले का पहला गोल दागा। इसके तीन मिनट बाद (25वें मिनट) मिकेल मेरिनो और ओयारजाबल ने गेंद तेजी से एक-दूसरे को पास की और मेरिनो ने गेंद को बॉक्स के अंदर डाल दिया। मुकाबले के 54वें मिनट यामल ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया और एक मिनट बाद पेड्री ने चौथा गोल दाग दिया। यहां तक स्पेन के पास 4-0 से शानदार लीड थी, लेकिन 59वें मिनट में फ्रांसीसी कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने आगे बढ़कर गोल किया।

इसी के साथ फ्रांस ने आखिरकार अपना खाता भी खोल लिया। हालांकि, स्पेन ने अपना नियंत्रण बनाए रखा और 67वें मिनट यमल ने फिर से गोल दागकर स्कोर को 5-1 कर दिया। 63वें मिनट में दोनों टीमों ने बदलाव किए।

फ्रांस ने कालुलु, डोए और ओलिसे की जगह बारकोला, गुस्टो और चेर्की को मैदान में उतारा गया, जबकि स्पेन ने विलियम्स और पेड्री की जगह रुइज और ओल्मो को मैदान में उतारा। 79वें मिनट रेयान चेर्की ने काइलियन एमबाप्पे की मदद से गोल दागकर स्कोर 5-2 से कर दिया। 84वें मिनट में दानी विवियन के गोल दागकर स्पेन को चौंका दिया।

इसके बाद 90+3 मिनट में एक और मौका मिला जब रैंडल कोलो मुआनी ने चेर्की के सटीक क्रॉस को हेडर से गोल में बदला और स्कोर 5-4 हो गया। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने जीत के बाद कहा, मैं खुश हूं। जब आज की तरह दो बेहतरीन टीमें आमने-सामने होती हैं, तो यह सामान्य बात है कि हर टीम अपने पलों का भरपूर फायदा उठाती है। हमें हर गेम से सीखने और खेल को सकारात्मक नजरिए से देखने की जरूरत है।

प्लेयर ऑफ द मैच यमल ने कहा, जब इस तरह की दो बेहतरीन टीमें खेलती हैं, तो आप कई बार बहुत सारे गोल देखते हैं। वे आपको अंत तक परेशान करेंगे, लेकिन हमने जो गलतियां कीं, उसके बावजूद हम फाइनल में पहुंचे। हम जानते थे कि हम क्या करना चाहते हैं। हम इतिहास बनाना चाहते थे। जब आप जीत रहे होते हैं, तो सबसे बड़ी बात जीतते रहना है।

### विराट कोहली ने सिर्फ 18 साल इंतजार किया...

# तेंदुलकर का इंतजार और भी लंबा था: सहवाग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली का आईपीएल ट्रॉफी के लिए लंबा इंतजार मंगलवार रात को खत्म हुआ जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। आरसीबीके स्टार खिलाड़ी 2008 में लीग की शुरुआत से सिर्फ आरसीबी जुड़े हैं और खिताब का सूखा खत्म करने में उन्हें 18 साल लग गए। लेकिन भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि तेंदुलकर का विश्व कप ट्रॉफी जीतने का इंतजार और भी लम्बा था और फिर भी उन्होंने कभी उम्मीद नहीं खोई।

सहवाग ने एक क्रिकेट वेबसाइट से कहा, उन्होंने (कोहली ने) ट्रॉफी जीतने के लिए केवल 18 साल इंतजार किया। सचिन तेंदुलकर ने 1989 से 2011 तक इंतजार किया। इसलिए, कोहली को कम इंतजार करना पड़ा और फिर भी सचिन ने कभी उम्मीद नहीं खोई। उन्होंने मन बना लिया था कि वह विश्व कप ट्रॉफी को अपने हाथ में लेकर ही रहेंगे।

सहवाग ने कहा कि कोहली जब भी कोई फैसला करेंगे, तो उन्हें राहत मिलेगी और वे बिना किसी पछतावे के संन्यास ले सकते हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, विराट कोहली के लिए भी यही बात है। अब, वह राहत महसूस कर सकते हैं। वह जब चाहें आईपीएल खेलना बंद कर सकते हैं। एक खिलाड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए खेलता है। पैसा आता है और जाता है, लेकिन ट्रॉफी जीतना आसान नहीं है। भले ही कोहली का इंतजार खत्म हो गया हो, लेकिन उन्होंने अभी भी उनके अभियान में बहुत मजबूत योगदान दिया है। गौर हो कि आरसीबीने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी पंजाब किंग्स का सफर रोलर कोस्टर वाला है और अंत में टीम को 6 रन से खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# कप्तानी की कोई खास शैली नहीं अपनाऊंगा: शुभमन गिल



**मुंबई, एजेंसी।** शुभमन गिल भारतीय टीम के उपकप्तान रहे हैं और उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व किया है, जहां 2024 में हार्दिक पांड्या से यह जिम्मेदारी लेने के बाद 2025 के संस्करण में वह टीम को प्लेऑफ तक ले आए थे। पंजाब के फाजिल्का से संबंध रखने वाले 25 साल के शुभमन गिल को रोहित शर्मा के संन्यास के बाद टीम इंडिया के टेस्ट फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी गई है। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज गिल की बतौर कप्तान पहली टेस्ट सीरीज है। शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कप्तानी की कोई खास शैली तय नहीं की है और वह इसे आने वाले समय में विकसित होने देना चाहते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों के साथ खूब संवाद करना और उदाहरण पेश करना चाहेंगे। गिल ने कहा, एक कप्तान के तौर पर आप निश्चित तौर पर उदाहरण पेश करके, अपने प्रदर्शन से नेतृत्व करना चाहते हैं। हालांकि बल्लेबाजी के दौरान मैं कप्तान नहीं बल्कि बल्लेबाज के तौर पर जाता हूं। मैं औसत और संख्याएं नहीं देखता। लेकिन मैं निश्चित तौर पर चाहता हूं कि मेरा मूल्यांकन मेरे प्रदर्शन से हो।

इंग्लैंड और उनकी बैजबॉल शैली के बेरोकटोक आक्रामक खेल के बारे में पूछे जाने पर गिल ने कहा कि उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान इसका अनुभव किया है। गिल ने कहा, वे एक खास तरीके से खेलते हैं, हमने भारत में भी ऐसा देखा है। यह हमारे लिए रोमांचक है। यह हमें अवसर देता है। और मुझे लगता है कि अगर हम अपनी योजनाओं के मुताबिक खेले तो वे दबाव में आ जाएंगे। गिल की कप्तानी में भारत इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच खेलेगा। दोनों देशों ने आखिरी बार 2023-24 सीजन में भारत में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी, जिसमें भारत ने 4-1 से जीत हासिल की थी।

### चेस:

# ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे भारत के 15 खिलाड़ी, गुकेश और प्रज्ञानंद भी शिरकत करेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानंद, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालिफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानंद के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है। फिडे ने कहा, ग्रैंड स्विस की तालिका में शीर्ष दो में रहने वाले पुरुष खिलाड़ी 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में स्थान सुरक्षित करेंगे, जबकि महिला ग्रैंड स्विस में शीर्ष दो खिलाड़ी 2026 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करेगी। फिडे ने इसके साथ ही टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए कहा कि पुरुष वर्ग में 36 प्रतिशत जबकि महिला वर्ग में 64 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। पुरुष वर्ग की कुल इनामी राशि 6,25,000 डॉलर है जबकि महिला वर्ग के लिए यह रकम 230,000 डॉलर है। दोनों टूर्नामेंट 11 दौर के स्विस प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें विश्व भर से 170 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें ग्रैंड स्विस में 114 और महिला ग्रैंड स्विस में 56 खिलाड़ी शामिल हैं।

### फ्रेंच ओपन:

# सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में, डिफेंडिंग चैंपियन स्वियातेक को हराकर चौंकाया

**पेरिस, एजेंसी।** सबालेंका का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ और 361वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्ड धारक लोइस बोइसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इगा स्वियातेक के फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 26 मैच में जीत के अभियान को विराम लगाते हुए गुरुवार को महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने स्वियातेक को रोलां गैरो पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तीन सेट में 7-6, 4-6, 6-0 से हराकर पेरिस में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

सबालेंका की जीत ने स्वियातेक को 1968 में प्रतियोगिता में पेशेवर खिलाड़ियों को प्रवेश की स्वीकृति दिए जाने के बाद से इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से रोक दिया। इससे सबालेंका को अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का मौका भी मिलेगा।

सबालेंका ने अब तक अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं जिसमें दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एक अमेरिकी ओपन खिताब शामिल है। बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने कहा, यह अविश्वसनीय लगता है लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, वह सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी है, विशेषकर क्ले कोर्ट पर, खासकर रोलां गैरो पर। मुझे गर्व है कि मैं यह जीत हासिल करने में सक्षम थी। यह एक कठिन मुकाबला था लेकिन मैं किसी तरह इसे जीतने में कामयाब रही।



सबालेंका का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ और 361वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्ड धारक लोइस बोइसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

**इरानी और वावसोरी की जोड़ी बनी फ्रेंच ओपन की मिश्रित युगल चैंपियन**

इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इटली की जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद यह उनका दूसरा बड़ा खिताब था। इरानी के लिए पेरिस में यह दूसरा बड़ा खिताब है। उन्होंने पिछले साल हमवतन जैस्मीन पाओलिनी के साथ महिला युगल में ओलंपिक स्वर्ण जीता था।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शनिवार 07 जून 2025




संभाग के सभी जिलों में जारी जल गंगा संवर्धन अभियान की निगरानी के लिए कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय अधिकारियों के 6 दल तैनात किए हैं। इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।



## हर विकासखण्ड में एक लाख पौधे रोपित करने के लिए तत्काल तैयारी शुरू करें

### रोपित पौधों की सुरक्षा और देखभाल की पूरी व्यवस्था करें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने वर्षाकाल में पौधारोपण के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी विकासखण्डों में एक-एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए तत्काल तैयारी शुरू कर दें। वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा नगरीय निकाय पौधारोपण के लिए स्थान निर्धारित करके तत्काल गड्ढे खुदवाना शुरू कर दें। पौधों की किस्म का निर्धारण करके वन विभाग, उद्यानिकी विभाग अथवा अन्य एजेंसी को तत्काल पौधे क्रय करने के आदेश जारी कर दें। रोपित पौधों की सुरक्षा और उचित देखभाल की पूरी व्यवस्था करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा पोषण वाटिकाओं में पाँच हजार पौधे रोपित कराएं। इसमें मुनगा तथा अन्य फलदार पौधों को प्राथमिकता दें। जिला शिक्षा अधिकारी भी उन सभी स्कूलों में वृक्षारोपण कराएं जहाँ सुरक्षित भूमि उपलब्ध है। स्कूल परिसरों में 15 जुलाई तक पाँच हजार पौधे रोपित कराएं। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम रीवा तथा अन्य नगरीय निकाय अमृत योजना के तहत शहर को हरा-भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण कराएं। विभिन्न विभागों और अशासकीय संस्थाओं को भी वृक्षारोपण के कार्य में सहभागी बनाएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मनरेगा योजना से प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए प्रत्येक सीएफटी में ग्राम वन के प्रस्ताव तत्काल तैयार करें। ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वसहायता समूहों से भी वृक्षारोपण कराएं। महिलाओं द्वारा रोपित पौधों को वायुदूत ऐप में भी दर्ज कराएं जिससे इनकी मॉनीटरिंग की जा सके। आजीविका मिशन कम से कम 50 हजार पौधे रोपित कराएं। आयुक्त नगर निगम शहर के प्रमुख स्थलों तथा प्रमुख मार्गों में एक लाख पौधे रोपित कराएं। रतहरा तालाब, दो प्रमुख नहरों के किनारे, लक्ष्मणबाग परिसर, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज तथा झलबदरी तालाब के किनारे बड़ी संख्या में पौधे रोपित कराएं।

बैठक में बताया गया कि वन विभाग द्वारा चार लाख 34 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर निगम रीवा द्वारा एक लाख पौधे तथा जन अभियान परिषद द्वारा 15 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने नगर निगम द्वारा बनाई गई वृक्षारोपण की कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रत्येक विकासखण्ड में एक लाख से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। इसकी ब्लॉकवार तथा ग्राम पंचायतवार तैयारी की जा रही है। उद्यानिकी विभाग में 47 हजार फलदार पौधे उपलब्ध हैं। इनका विभिन्न विभागों द्वारा रोपण कराया जाएगा। बैठक में उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, डीपीसी विनय मिश्रा, जिला समन्वयक आजीविका मिशन, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने तीन इंजीनियरों को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तथा ग्राम पंचायत में अन्य मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर तीन इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सिरमौर जनपद पंचायत के सहायक यंत्री श्रीकांत द्विवेदी, उपयंत्री उमरी सेक्टर हीरालाल मिश्रा तथा उपयंत्री अटरिया सेक्टर राजेश पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का सात दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-अज़हा की दी बधाई

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-अज़हा की शुभकामनाएँ दी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा है कि पर्व को पारंपरिक रूप से आपसी सौहार्द्र, शांति और समरसता के साथ मनाएँ।

## पी.के. स्कूल के सांदीपनि विद्यालय में उन्नयन के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री

### रीवा के शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन कार्यों की समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज मंत्रालय भोपाल में रीवा जिले में सांदीपनि विद्यालय और अन्य विद्यालयों के उन्नयन एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पी.के. गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, रीवा को सांदीपनि विद्यालय के रूप में विकसित किए जाने के लिए किए जा रहे कार्यों की विशेष चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि ऑडिटोरियम, खेल सुविधाएँ, फर्नीचर और अन्य निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से सेवाओं का संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की तकनीकी अड़चनों को त्वरित रूप से उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों के प्रस्तावित उन्नयन कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्रता से पूर्ण कर प्रस्तावों को सक्षम स्तर पर अनुमोदन के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि रीवा शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के उन्नयन को प्राथमिकता से किया जाये, जिससे इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उन्हें शिक्षा हेतु शहर आने की असुविधा न हो। आयुक्त, स्कूल शिक्षा श्रीमती शिल्पा गुप्ता, पीआईयू, एवं एप्को के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## धरती आबा - जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत शिविर 15 जून से 30 जून तक

**रीवा।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान अन्तर्गत शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही सिकलसेल रोग और उसके परीक्षण के विषय में लोगों को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने शिविर में व्यक्तिगत लाभ हेतु शेष पीवीटीजी बस्तियों एवं जनजातीय गांव के चिन्हांकन, क्लस्टर स्तर पर जागरूकता एवं लाभ वितरण शिविर आयोजन, ई.के.वायसी और दस्तावेजी संबंधी सेवाओं के लिये एनजीओ, सीएससी या अन्य संगठनों को शामिल कर लाभार्थियों की रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिये हैं। शिविर में स्वास्थ्य, खाद्य, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास सामाजिक न्याय, कृषि और राजस्व आदि विभागों द्वारा लाभ दिलाने के निर्देश दिये गये हैं।

## जनजातीय सम्मेलन के लिए कंट्रोल रूम शुरू

**रीवा।** शहडोल जिले के ब्यौहारी में 9 जून को कोल जनजातीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में रीवा और मऊगंज जिले के कोल जनजातीय समुदाय के व्यक्ति बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इनके सहयोग और व्यवस्थाओं में समन्वय के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय कलेक्ट्रेट में बनाया गया है। इस संबंध में जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम 8 से 9 जून तक कार्य करेगा।

## दस कुओं के समतुल्य है,एक बावड़ी, इन्हें बचाने के लिये समाज को आगे आना होगा

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खजुहा में आयोजित हुआ बाबडी उत्सव



**रीवा।** बावड़ियों का धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व उनकी पर्यावरणीय उपादेयता के कारण था। भू-जल स्तर को सामान्य बनाये रखने में यह बेजोड़ है। किन्तु अब बावड़ियों का अस्तित्व मिटता जा रहा है। ऋग्वेद, उपनिषद और जातक कथाओं से लेकर पुराणों तक भारतीय संस्कृति की प्रकृति संरक्षण सम्बन्धी चिरन्तन धारा विद्यमान है। भारतीय मनीषियों ने प्राकृतिक शक्तियों को देवता स्वरूप माना है। सूर्य, चन्द्रमा, वायु, अग्नि वगैरह देव हैं और नदियाँ पवित्र देवियाँ। पृथ्वी माँ है। वृक्ष देवों के वास-स्थल हैं। कुएँ, तालाब और बावड़ियों के धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व हैं। पशु-पक्षियों को देवताओं का वाहन बनाकर इन्हें श्रेष्ठता प्रदान की गयी है। यह उदगार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा खजुहा कला धाम में स्थित मंदिर परिसर में आयोजित बाबडी उत्सृव कार्यक्रम में पर्यावरणविद रामकृष्णु जी ने व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि दस कुओं के समतुल्य एक बावड़ी है। दस बावडियों के बराबर एक तालाब है। दस तालाबों के सदृश्य एक पुत्र है और दस पुत्रों के समान एक वृक्ष होता है। जरूरत होने पर भी लोग हरे वृक्ष को नहीं काटते थे। बाबडी उत्सव कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जन अभियान परिषद के संभाग समन्वपयक प्रवीण पाठक ने बताया कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला व विकासखंड मुख्यालयों में जहॉ पर बाबडी स्थित है उनके संरक्षण की मुहिम संचालित की गई है। इसी अनुक्रम में जिलें में ग्राम खजुहा व रायपुर कर्चुलियान के ग्राम मनिकवार में स्थित हनुमान बाबडी में बाबडी उत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने बाबडी उत्सव आयोजन के उदेश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से शासन द्वारा समाज को जल संरक्षण व प्राचीन जल संरचनाओं के संवर्धन का महा अभियान संचालित किया जा रहा है।

## क्योंटी मुख्य नहर के किनारे रतहरा-कोष्टा में होगा वृक्षारोपण, बनेगा पाथ वे व साइकिल ट्रेक



**रीवा।** रीवा तेजी से बढ़ता हुआ शहर है यहाँ अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ ही पर्यटकों व शहर वासियों के लिये सुकून भरे पल बिताने के उद्देश्य से विभिन्न पर्यटन स्थल पार्क विकसित किये जा रहे हैं। इसीक्रम में क्योंटी मुख्य नहर के किनारे रतहरा-कोष्टा में वृक्षारोपण किया जायेगा साथ ही पाथवे व साइकिल ट्रेक भी बनेगा। जहां शहरवासी सुबह शाम टहल सकेंगे व सुरम्य वातावरण में सुकून के पल बिता सकेंगे।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रतहरा नहर के किनारे 3 किमी क्षेत्र में बनाये जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर नहर के किनारे आरसीसी सड़क का निर्माण करायें तथा सड़क के किनारे सघन वृक्षारोपण कराकर पाथवे व साइकिल ट्रेक का निर्माण करायें। इस दौरान आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन सहित नगर निगम, सिंचाई विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर आयोजन संबंधी बैठक 11 जून को

**रीवा।** आगामी 14 जून को जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर आयोजन संबंधी बैठक कलेक्टर कार्यालय स्थित मोहन सभागार में 11 जून को शाम 4 बजे से आहूत की गई है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 25 लापरवाहों का काटा वेतन

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गत दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने तथा अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न होने पर 20 उपयंत्री, रोजगार सहायक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देकर उत्तर संतोषजनक न होने पर सात दिन का वेतन राजसात करने के आदेश दिए हैं। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार उपयंत्री अजय पटेल धौचट, उपयंत्री अशोक शुक्ला बहुरीबांध, उपयंत्री स्मिता तिवारी टीकर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान गोविंद नारायण श्रीवास्तव तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत जवा नागेन्द्र सिंह का वेतन काटा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत नईगढ़ी अनीष पाण्डेय, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मऊगंज अमित द्विवेदी, उपयंत्री रतनगवां खास ददन पाठक, उपयंत्री देवतालाब पवन गुप्ता तथा उपयंत्री कनकेसरा बैकुंठ शुक्ला का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उपयंत्री उमरी शिवेन्द्र मोहन तिवारी, उपयंत्री सीतापुर शोभनाथ साकेत, उपयंत्री महसांव महेश स्वर्णकार, उपयंत्री लक्ष्मणपुर लक्ष्मीकांत तिवारी, उपयंत्री अगडाल अरूण पटेल तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत रीवा रश्मि गौतम का वेतन काटने के आदेश दिए हैं।

## पशु चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पशु चिकित्सा महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रतिभा शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम एवं सायबर कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पॉक्सो अधिनियम में बालक-बालिकाओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रावधान किए गए हैं और इस संबंध में सब को जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि बालक-बालिकाएं सुरक्षित रह सकें।

जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने नालसा नशा उन्मूलन योजना के बारे में जानकारी देते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया और उन्हें नशे की गिरफ्त मे न आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्रभारी डीन डॉ.श्री नीतेश कुमार ने दिया और आभार डॉ. श्री स्वतंत्र कुमार सिंह ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव ने किया। कार्यकम में पशु चिकित्सा महाविद्यालय के प्राध्यापक विकास मिश्रा, आनंद पाण्डेय, सुमित सिंह, श्रीमती भारती शर्मा, डॉ. अजीत सिंह, श्रीमती स्वेता गुप्ता एवं डॉ. मुनीन्द्र द्विवेदी एवं समाजसेवी जयप्रकाश मिश्रा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग : राकेश

### लोकनिर्माण विभाग द्वारा पर्यावरण से समन्वय विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन




**रीवा।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर विभाग के पर्यावरण हितैषी नवाचार एवं ग्रीन टेक्नोलॉजीस पर केंद्रित 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर गतदिवस कार्यशाला का आयोजन हुआ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग अब केवल भौतिक निर्माणों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल संरक्षण, हरित तकनीकों के उपयोग और पारिस्थितिकी संतुलन को अपनी कार्यप्रणाली में प्राथमिकता से शामिल करेगा। उन्होंने विभाग की पर्यावरणीय सोच और भविष्य की कार्यनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण केवल एक नारा नहीं बल्कि विभाग की बुनियादी कार्यनीति है, जिसमें अब पर्यावरणीय संतुलन भी स्वाभाविक रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास की गति के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण अब हर अभियंता की जिम्मेदारी है।

मंत्री श्री सिंह ने बताया कि विभाग अब सड़क किनारे रिचार्ज बोर का निर्माण कर रहा है, जिससे वर्षा जल को भूगर्भ में पहुंचाकर ग्राउंड वाटर रिचार्ज किया जा सकेगा। मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग एक जुलाई को एक लाख पौधे लगाएगा। यह अभियान स्कूलों में चल रहे 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' से भी समन्वित होगा। मंत्री श्री सिंह ने आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए 8 से 10 जून तक राज्यव्यापी सड़क निरीक्षण अभियान चलाने की घोषणा की। इसमें सभी अभियंता सड़कों की स्थिति, जलभराव, गड्डों और रखरखाव की जरूरतों का आंकलन करेंगे। रिपोर्ट 11 जून मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों को अब केवल भौतिक अधोसंरचना तक सीमित न रखते हुए पर्यावरण संरक्षण को उसका अनिवार्य अंग बनाया जाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्रीय मुख्यालय रीवा में विंध्या रिट्रीट रतहरा में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत एम.पी.आर.डी.सी., एम.पी.बी.डी., एन.एच., लो.नि.वि. भवन, लो.नि.वि. सड़क/पुल के लगभग दो सौ अभियंता कार्यशाला में शामिल हुए एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रीवा परिक्षेत्र में 5000 पौधे लगाने एवं 50 लोक सरोवर निर्मित किए जाने का संकल्प लिया गया। परिक्षेत्रीय कार्यशाला में मुख्य अभियंता (भवन) श्री एस.सी. वर्मा, मुख्य अभियंता (बी/आर) श्री संजय खांडे एवं मुख्य अभियंता (बी/आर) श्री आर.एल. वर्मा द्वारा उपस्थित अभियंताओं को प्रशिक्षण की तकनीकी, सामाजिक एवं पर्यावरण से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया तथा उपस्थित अभियंताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन श्री सुधीर शुक्ला अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किया गया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833